


■ लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल - 12



■ इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक - 12



■ नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध - 13



■ जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर - 14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.46 सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082 शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 10, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# योगी की चेतावनी- वंदे मातरम नहीं गाने वालों को कान पकड़ कर करें बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में मुख्यमंत्री के तीखे तेवर, कहा- हिंदुस्तान की खाएंगे लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे
- कहा-विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा मातृशक्ति का अपमान
- योगी ने गिनाई उपलब्धियां सपा को अपराधियों की जननी बताया बोले-देख सपाई बिटिया घबराई



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों पर बरसते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वंदेमातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। वंदेमातरम का जो विरोध करता है उसका कान पकड़ करके धक्का देकर बाहर करना चाहिए। बोले कि 'वंदेमातरम का जो विरोध करेगा, वह वहीं जाए जहां पर उसको विरोध का स्वर दिखाई देता है, हिंदुस्तान की धरती पर रहने का अधिकार नहीं है'। योगी ने लोकसभा में कांग्रेस व सपा सांसद के बयान पर चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में 2 घंटे 13 मिनट तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करके मुख्य विपक्षी दल सपा ने न केवल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृ शक्ति का भी अपमान किया। सनातन धर्म की परंपरा में मां की उम्र या अपनी उम्र से बड़ी महिला को मां के समान सम्मान देने का विधान है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए गालिब का शेर भी पढ़ा कि 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। बताया कि आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। महिलाओं की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले देख सपाई बिटिया घबराई जैसी कहावत प्रचलित थी, लेकिन आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सपा पर सीधा हमला बोलते हुए उसे अपराधियों की जननी बताया। एनकाउंटर और कानून-व्यवस्था पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। हम कानून का पालन भी जानते हैं और पालन करवाना भी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस पर आधारित है। इंसेफेलाइटिस, माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे बीमारी को रौंद डाला गया, वैसे ही माफिया राज को भी खत्म किया गया है।

आटउसोर्सिंग की डकैती में अधिकांश लोग सपा के  योगी ने कहा कि आउटसोर्सिंग की डकैती में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका रही है। इसी कारण सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था लागू कर मजदूरी और भुगतान को सुरक्षित किया है।

## गाजी के पाप का बदला कैसे लें महाराज सुहेलदेव से सीखिए

मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा सुहेलदेव का उल्लेख करते हुए कहा कि गाजी के पापों का उत्तर इतिहास और शौर्य से मिलता है, तुष्टिकरण से नहीं। सपा पर आरोप लगाया कि राष्ट्रद्रोहियों को महिमा मंडित करते हैं और राष्ट्रनायकों का अपमान करते हैं। गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाए, यह महाराज सुहेलदेव से सीखिए। हमने उनके नाम से आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बनाया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 2025 में लगभग 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को बंद किया गया। उन्होंने साइबर हमलों से तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों से अवगत कराया कि आधार ओटीपी सत्यापन ने वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार और पारदर्शिता बढ़ाने में योगदान दिया है।

### मादक पदार्थ तस्कर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क की गई संपत्तियों में मणिगम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा शामिल हैं। ये संपत्तियां कुलगाम के निपोरा इलाके के निवासी मोहम्मद अशरफ खंडे की हैं, जो कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह साबित हो जाने के बाद कि ये संपत्तियां अवैध मादक पदार्थ के धंधे से अर्जित की गयी हैं, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई।

### प्रमाणपत्र के बिना उड़ान संचालन पर एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक द्वारा की गई इस कार्रवाई पर एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया डीजीसीए के उस आदेश की प्राप्ति स्वीकार करती है, जो 2025 में स्वेच्छा से रिपोर्ट की गई एक घटना के संबंध में है।।

# अब सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

## प्रधानमंत्री ने नए कार्यालय का किया उदघाटन, किसानों-महिलाओं के कल्याण को लिए अहम निर्णय

- यहां पर पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यालय अब रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन के निकट स्थित औपनिवेशिक काल की साउथ ब्लॉक इमारत से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित हो गया। यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे और इस परिसर का उद्घाटन किय। इस दौरान मोदी ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।

### सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएमओ और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की निगरानी में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर इससे मुक्त

**अमृत विचार :** प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव-विच्छेदन) प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएंगे। दिशा निर्देश के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शव विच्छेदन प्रक्रिया से मुक्त कर दिए गए हैं।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित शर्तों के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। यूपी शरीर रचना परीक्षण अधिनियम-1956 के तहत लावारिस शवों का पोस्टमार्टम निजी मेडिकल कॉलेजों में होगा। लेकिन, अपराध या मेडिकल बोर्ड से जुड़े मामलों को निजी संस्थानों को नहीं सौंपा जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और विधिसम्मत है। नए निर्देशों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया यूपी मेडिकल मैनुअल और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी सीएमओ और संबंधित संस्थान के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष की होगी। निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले उच्च स्तरीय समिति का निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जो थानों के आवंटन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगी।

### बदलाव से सरकारी अस्पतालों को राहत

पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किए गए बदलाव का सकारात्मक असर सरकारी अस्पतालों पर पड़ने की उम्मीद है। अब फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों की निगरानी में शव-विच्छेदन होने से स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में तैनात सर्जन व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को पोस्टमार्टम ड्यूटी से राहत मिलेगी। इससे उनकी ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।

# बांग्लादेश में तारिक रहमान का पीएम बनना तय

ढाका, एजेंसी

### 20 साल बाद सत्ता में वापसी



बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस के कार्यकाल में ढाका के नई दिल्ली से रिश्तों में काफी गिरावट आई।

# मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या



- दिनदहाड़े 10 गोलियां मारी शोएब को तीन से चार गोलियां लगीं लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर घटी घटना

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं। इस घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। वहीं मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण कुमार व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की।

अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस आ रहे थे। अभी वह असेनी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक कार के आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। करीब दस राउंड फायरिंग में कई गोलियां कार का शीशा पार कर गईं, वहीं तीन गोलियां लगने से बॉबी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान ओवरब्रिज के ऊपर भी दो बदमाश खड़े हुए थे। इस बीच हमलावर भाग निकले। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार से निकालकर खून से लथपथ शोएब को अस्पताल भिजवाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल की पड़ताल कर ही रहे थे कि एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी बाराबंकी आ गए और घटना की जानकारी ली। एसपी बोले कि मुख्तार गैंग से जुड़े बॉबी शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर थे और उन पर हत्या और गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। उधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अधिवक्ता बॉबी की हत्या से वकील आक्रोशित हो गए और विरोध जताया।

# लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

- सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर भेजे गए धमकी भरे संदेश
- लखनऊ सिविल कोर्ट खाली कराकर चार घंटे चला सर्च अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत प्रदेश के 19 जिला कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी शुक्रवार सुबह दी गई। यह धमकी सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल के जरिये भेजा गया।

जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पूरा कचहरी परिसर खाली कराया गया। पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने सर्च अभियान चलाया। वहीं साइबर क्राइम की टीम ई-मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। लखनऊ में जिला कचहरी में चार घंटे तक सर्च अभियान चला, हालांकि कुछ भी हाथ नहीं लगा। परिसर की सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए। जिला जज के आधिकारिक मेल आईडी पर शुक्रवार की दोपहर एक धमकी भरा ई-मेल आया, जिसमें कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डाग स्क्वायड टीम ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आम लोगों का परिसर में प्रवेश रोक दिया गया। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक इस मेल के बारे में जिला जज की तरफ से सूचना दी गई थी। आधा दर्जन से अधिक टीमों ने पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली। अंदर मौजूद कई संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ की गई। मेल भेजने वाले के बारे में आईपी एड्रेस की मदद से जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर क्राइम टीम की मदद भी ली जाएगी।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली गई है। साइबर क्राइम व सर्विलांस की टीमों को मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए लगाया है। इस मामले में अन्य जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

खगोल विज्ञान | चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना 3 मार्च को होगी, जो भारत से देखी जा सकेगी

# मंगलवार को लगेगा वर्ष का पहला वलयाकार सूर्यग्रहण

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर यानि वलयाकार होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत से देखा जा सकेगा।

यह वलयाकार सूर्यग्रहण दक्षिणी गोलार्ध में लगने जा रहा है। जिसका पाथ अंटार्कटिका से होकर जाएगा। इसका पाथ बहुत संकरा है, जो लगभग 616 किमी चौड़ी पट्टी का होगा, जबकि इसकी लंबाई में 4282 किमी का क्षेत्र कवर करेगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3.26 बजे सूर्यग्रहण लगना शुरू होगा। इस ग्रहण में सूर्य का सिर्फ बीच का हिस्सा ग्रहण की चपेट में आता है, जबकि किनारे ग्रहण से मुक्त रहते है। जिसके चलते यह आग का छल्ला जैसा दिखाई देता है। देखने में ग्रहण का यह दृश्य मनमोहक लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच की दूरी अधिक होने के कारण वलयाकार सूर्य ग्रहण होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूरज को पूरी तरह ढक लेता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण की अवधि दो मिनट की रहेगी। इसके बाद आंशिक ग्रहण बना रहेगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3.26 बजे होगी। शाम 5:42 बजे ग्रहण मध्यस्था में होगा। शाम 7.57 बजे सूर्यग्रहण के साए से मुक्त हो जाएगा। भारत में सूर्य नीचे होने के कारण ग्रहण दिखाई नहीं देगा।इसके बाद अगला सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा, जो पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसके बाद चंद्र ग्रहण तीन मार्च को लगने जा रहा, हो भारत से देखा जा सकेगा।

### मनमोहक होगा नजारा

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार ग्रहण की घटना अद्भुत होती है। वलयाकार सूर्य ग्रहण मनमोहक होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सूरज के कोरोना को देखा जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।

अमृत विचार



विधानसभा की कार्यवाही

## शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है, मनमर्जी से नहीं: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर पहली बार पूरी मजबूती से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले। सवाल उठाया कि यदि संबंधित व्यक्ति वास्तव में शंकराचार्य थे, तो उन पर सपा सरकार में लाठीचार्ज और एफआईआर क्यों हुई? योगी ने कहा कि नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। माघ मेला में मौनी अमावस्या के अवसर पर साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर कड़ी व्यवस्था लागू करनी होती है। प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित होते हैं और उनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर सकती है, जिससे श्रद्धालुओं की जान खतरे में पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून सबके लिए समान है। मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन में विश्वास करती है और मर्यादा व व्यवस्था बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मर्यादित लोग हैं, कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून के शासन का पालन करना भी जानते हैं, पालन करवाना भी जानते हैं। दोनों चीजों को एक साथ लागू करवाना जानते हैं, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए।

- **कहा-कानून सबके लिए समान, मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं**

**झूठ को मुद्दा बनाना विपक्ष की प्रवृत्ति :** मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बार-बार एक ही बात को दोहराकर उसे मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जो विषय वास्तविक मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर विवाद का रूप दिया गया। सदन में तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि भ्रम फैलाने का प्रयास।

## सामाजिक पेंशन बढ़ेगी, सोमवार तक होगी घोषणा : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है, हालांकि औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार तक पेंशन वृद्धि की घोषणा कर दी जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दी जा रही है, यानी सालाना 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और मजबूत करते हुए इन सभी वर्गों के लिए पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य कमजोर, असहाय और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल देकर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। पेंशन वृद्धि से लाभार्थियों को बढ़ती महंगाई के बीच सीधी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सतीश महाना भाजपा विधायक केतकी पर भड़के, हेड फोन फेंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर के सवाल पर भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोकने से स्पीकर सतीश महाना नाराज होकर सदन से बाहर चले गए। 10 मिनट बाद लौटने पर माहौल खुशनुमा हो गया। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा की तारीफ और सपा विधायक कमल अख्तर की शायरी ने सदन में ठहाके गूंजा दिए, जिससे तनाव खत्म हो गया।



सपा विधायक रागिनी सोनकर लोक सेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों पर सवाल उठा रही थीं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया, लेकिन रागिनी के दोबारा सवाल पूछने पर भाजपा विधायकों ने टोका-टोकी की। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह को रोकने के बाद भी टोका-टाकी करने से स्पीकर सतीश महाना नाराज हो गए और भाजपा विधायक केतकी सिंह पर भड़कते हुए कहा कि ''क्या आप हाउस चलाएंगी? सदन चलाना मेरा काम है।'' गुस्से में उन्होंने हेडफोन/माइक फेंका और सदन से बाहर चले गए, जिससे कार्यवाही प्रभावित हुई। 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही प्रभावित रही। 10 मिनट बाद स्पीकर महाना सदन में लौटे, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका था... खुशनुमा और हल्का-फुल्का। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने स्पीकर की तारीफ की और कहा कि ''आप मुस्कुराते हैं तो पूरा सदन मुस्कुरा उठता है।'' उन्होंने वित्त मंत्री से शायरी सुनाने की अपील की। तभी सपा विधायक कमल अख्तर ने रोमांटिक अंदाज में शायरी सुनाई... ''तुम रूठा न करो, सबकी जान चली जाती है। तुम हंसते रहते हो तो बिजली-सी चमक जाती है।'' वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ''महबूबा वाली शायरी न सुनाया करो।'' इस पूरे सीन से सदन में ठहाके गूंज उठे और तनाव हंसी-मजाक में बदल गया।

# गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोगों को सभी सुविधाएं पूर्ववत

## नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था सवाल, योगी बोले- यूपी बना भारत के विकास का इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में विस्तृत जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से छह करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उनसे सरकारी सुविधाएं छीनी जाएंगी। योगी ने कहा कि भारत के विकास का इंजन यूपी बना है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, स्वास्थ्य व टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाई है। साइबर अपराधियों को नापने के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने सुविधाएं छीनने, साइबर अपराध आदि सवाल पूछे थे। योगी ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी रेखा से बाहर आए लोगों को राशन, आवास, स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की सभी योजनाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था और पुलिस सुधारों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 से पहले पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता तीन हजार से भी कम थी, जबकि आज 60 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़कर 44 हजार हो चुकी है। साइबर अपराध से निपटने के लिए सभी 75 जिलों में साइबर थाने और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस इकोसिस्टम को मजबूत कर जांच को अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है।

आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत हुआ है, जो विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे बड़ा बॉटलनेक उत्तर प्रदेश माना जाता था, लेकिन आज यूपी उन्हीं योजनाओं को गति देने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश अब देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और 13 लाख करोड़ से बढ़कर अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गई है, वह भी बिना कोई नया टैक्स लगाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), देश की पहली रैपिड रेल, इनलैंड वाटरवे, रोपवे और सबसे अधिक मेट्रो सिटीज यूपी की पहचान बन चुकी हैं। ईस्टर्न-वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर और मल्टीमॉडल टर्मिनल से लॉजिस्टिक्स को नई ताकत मिलेगी।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर किसानों को कर्जदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट कृषि नीति के कारण आज कम लागत, अधिक उत्पादन और डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान सुनिश्चित हुआ है।

### सपा पर मुख्यमंत्री के तीखे हमले

- सपा पर आरोप : किसानों को उत्पादक से कर्जदाता बनाने का पाप
- कांग्रेस-सपा शासन में अन्नदाता कर्ज, पलायन और एमएसएमई बंदी का शिकार
- माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप, राजू पाल-उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र
- तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं का महिमामंडन करने का आरोप
- समाजवाद अब त्याग नहीं, संपत्ति और संतति का प्रतीक बन गया
- जातीय वैमनस्यता फैलाने का आरोप, कहा- देश की गुलामी भी इसी कारण हुई
- गोमती रिवर फ्रंट, जेपीएनआईसी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार गिनाया
- आउटसोर्सिंग की "डकैती" में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका का आरोप

# अफसरों पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट सदन में रखे सरकार: माता प्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उठाया लोकायुक्त की रिपोर्ट का मुद्दा**
- **कार्यवाहक डीजीपी पर उठाए सवाल, एनकाउंटर और रोजगार पर विपक्ष ने सरकार को घेरा**



नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय

**अमृत विचार:** विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सरकार को कई मोर्चों पर घेरा। उन्होंने भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि चार आईएएस अधिकारियों समेत विभिन्न विभागों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी लोकायुक्त की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे ज्यादा इसी समस्या से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के कई मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं। इसके अलावा जिला पंचायत, नगर पंचायत, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन सरकार ने इन मामलों की वर्तमान स्थिति पर सदन को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशों और रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता, तो सभी सदस्य उसकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने सदन में एक आईएएस अधिकारी, लखनऊ के जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संभल की नगर पंचायत की अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का नाम भी लिया। उन्होंने कहा कि अन्य आईएएस अधिकारियों के नाम भी लिए जा सकते हैं, लेकिन इससे सरकार को असुविधा होगी। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि लोकायुक्त का कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त पिछले आठ वर्षों से पद पर हैं, ऐसे में सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में पुलिसकर्मियों के नाम सामने आना बेहद चिंताजनक है।

# शिक्षा व्यवस्था और स्कूल बंदी पर सदन में हंगामा, सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बजट सत्र के पांचवें दिन नियम 105 के तहत सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष में हुई तीखी बहस**

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शुक्रवार को नियम-105 के तहत प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के उत्पीड़न और स्कूल मर्जर का मुद्दा गरमा गया। सपा सदस्यों में डॉ.मान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि बीते 7 वर्षों में मर्जर के नाम पर करीब 36 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए, जिससे ग्रामीण और गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच सपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

सपा के ही आशुतोष सिन्हा ने प्रदेश में 1.20 लाख शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती न होने का आरोप लगाया। कहा, बिना गुरू बने ही, विश्वगुरू बनने की दिशा में भाजपा अग्रसर है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शिक्षकों को कैशलेस इलाज सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम थी, उनका मर्जर किया गया है। छात्र संख्या बढ़ने पर विद्यालय बहाल भी किए गए हैं और मर्ज किए गए भवनों में बाल वाटिका संचालित है।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर भी टकराव

दोपहर में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान भाजपा और सपा के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा के विजय बहादुर पाठक समेत अन्य सदस्यों ने कानून व्यवस्था को बेहतर बताया, जबकि सपा के राजेंद्र चौधरी ने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

विधान परिषद

# शिक्षक के निलंबन का मामला गूंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **शिक्षक नेता ने निलंबन पर सवाल खड़े किए, बीएसए पर कार्रवाई के निर्देश**

**अमृत विचार :** विधान परिषद के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को बदायूं में शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2023) के दिन एक शिक्षक के निलंबन का मामला जोरदार ढंग से उठाया गया। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने यह मुद्दा उठाया और निलंबन की कार्रवाई के औचित्य पर सवाल खड़े किए।

मामले में राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने तत्कालीन बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि कार्रवाई में किसी तरह का अगर-मगर नहीं चलेगा। पूरे प्रदेश में जो भी अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने सदन को बताया कि 5 सितंबर 2023 को बदायूं के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार शर्मा को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने, पिछले तीन दिनों से मिड डे मील वितरण न होने, बिना अनुमति बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने और अवांछनीय आचरण के आरोप में निलंबित किया गया था। हालांकि 19 सितंबर को जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सवेतन बहाल कर दिया गया और समस्त अनुशासनिक कार्रवाई समाप्त कर दी गई।

इस पर शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने गलत तथ्यों के आधार पर निलंबन करने वाले बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों का सम्मान करती है और किसी भी शिक्षक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति ने संबंधित बीएसए के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा के प्रश्न के उत्तर में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि वित्त विभाग की सहमति से अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग की सेवा नियमावली तैयार हो चुकी है और जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार माह में स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## घायल राजमिस्त्री ने तोड़ा दम

**कोहंडौर, प्रतापगढ़:** कोहंडौर थाना क्षेत्र के गहरौली गांव निवासी 55 वर्षीय नन्हकू वर्मा राजमिस्त्री का कार्य करता था। बीते मंगलवार को वे कंधई थाना क्षेत्र के सराय जमुवारी के ढेलहा पुरवे में बाबूलाल वर्मा के घर निर्माण कार्य कर रहा था। इस दौरान अचानक निर्माणाधीन दीवार और बगल कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। नन्हकू मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आए। गुरुवार देर शाम सीने में दर्द बढ़ने पर फिर से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उसे दो पुत्र और छह पुत्रियां हैं।

# सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास 21 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह इकाई केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और उप्र. सरकार के सहयोग से विकसित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, असेंबली और परीक्षण किया जाएगा। परियोजना से देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के संभावित योगदान का अनुमान है।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान कतार में बैठे अभ्यर्थी। अमृत विचार

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** साइकिल से खेत की रखवाली करने जा रहे वृद्ध का बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को इलाज को परिजन प्रयागराज ले गए, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर थाने पहुंचे, पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के समसपुर सैलवारा गांव निवासी 60 वर्षीय सदाशिव 11 फरवरी को दोपहर में साइकिल से अपने खेत की रखवाली करने जा रहा था। जैसे ही वह महमदपुर गांव के पास पहुंचा, तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे इलाज को प्रयागराज के निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराए। इलाज के दौरान 12 फरवरी को वृद्ध की मौत हो गई तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मृतक का शव लेकर थाने पहुंचे। मृतक के बेटे सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पहल | डेटा सेंटर और रोबोटिक्स मिशन से डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार

# नई तकनीकों से प्रशिक्षित होंगे 25 लाख युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृक विचार:** प्रदेश की युवा आबादी को भविष्य की उन्नत तकनीक आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। इसी दिशा में 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख युवाओं और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑगमेंटेड रिएलिटी (एआर), वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रिएलिटी (एक्सआर) जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

योगी सरकार का लक्ष्य उद्देश्य पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर कौशल आधारित दक्षता विकसित करना है, ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक वर्कफोर्स का हिस्सा बन सके। इसके साथ ही लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में विश्वस्तरीय 'यू-हब' की स्थापना कर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। डिजिटल अवसंरचना को गति देने के लिए बजट में महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश की डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.6 गीगावाट है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा को रोबोटिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन की शुरुआत की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से 16 हजार को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बड़े प्रावधान किए हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश में करीब 16,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के तहत 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर और ग्रामोद्योग आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### श्रीमद्भागवत में भक्ति के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** विकासखंड मानधाता के बाबूपुर गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को कथाव्यास पं.विजय कांत तिवारी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रसङ्ग सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, पूतना उद्धार, गोवर्धन लीला का मनोहारी वर्णन किया। प्रसङ्ग में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार का नाश किया और भक्तों की रक्षा की। उन्होंने श्रद्धालुओं को अहंकार त्याग कर भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर पूरा पंडाल भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर शांति देवी, शशि प्रभा सिंह, सुशील सिंह, सुशील पांडेय, गीता सिंह, जय प्रकाश सिंह, अभय सिंह, अरविंद सिंह, हितकरन सिंह, रमाशंकर सिंह आदि रहे।

# उत्पीड़न को लेकर दूसरे दिन भी गरजे अधिवक्ता, सौंपा ज्ञापन



एसडीएम लालगंज को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** लालगंज तहसील में अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अगुवाई में एसडीएम कोर्ट के सामने प्रदर्शन कर डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। नाराज अधिवक्ता तहसील के मध्य गेट पर एकत्रित होकर मांगों को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं का जत्था प्रथम तल पर मौजूद निर्वाचन पटल के सामने पहुंच गया। वकीलों का हंगामा सुन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा बाहर आये। अधिवक्ताओं ने उन्हें डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तहसील के अधिवक्ता आलोक शुक्ल पर फायरिंग के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न होने पर नाराजगी जतायी गयी। इस दौरान देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पांडेय विपिन शुक्ल, प्रवीण यादव, दिनेश सिंह, सिंटू मिश्र, सूर्यकांत निराला, विनोद मिश्र, आलोक शुक्ला, तपन पाण्डेय आदि रहे।

# अधिवक्ता शोएब किदवई की हत्या से वकीलों में उबाल

## पोस्टमार्टम हाउस के पास सड़क पर बैठकर लगाया जाम, जिलेभर में विरोध-प्रदर्शन, 48 घंटे में घटना के खुलासे की मांग

**आक्रोश**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अधिवक्ता शोएब किदवई की हत्या को लेकर वकील समुदाय आक्रोशित हो गया है। दिनदहाड़े हत्या से गुस्साए वकील बड़ी संख्या में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बाद में कुछ ही दूरी पर सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। वकीलों ने 48 घंटे के भीतर घटना के खुलासे का अल्टीमेटम दिया है। जिला मुख्यालय ही नहीं तहसीलों में वकील प्रदर्शनरत रहे।

रामपुर के बाद बाराबंकी में वकील शोएब किदवई की हत्या से अधिवक्ता आक्रोशित हैं। नाराज वकील पहले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां पर विरोध जताया गया। शाम होने तक यह भीड़ बढ़ गई और आक्रोश सड़क पर उतर आया। हंगामा करते हुए वकील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अगुवाई में नेशनल हाइवे पर बस अड्डे तक पहुंचे और यहां पर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। वकील मृत अधिवक्ता का नाम मुख्तार गैंग से जोड़े जाने को लेकर खासे नाराज थे। इसके बाद एसपी से मिलकर दिए गए ज्ञापन में मांग की गई कि इस हत्या की घटना का 48 घंटे के अंदर खुलासा किया जाए। यहां पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्र, महामंत्री रामराज यादव आदि मौजूद रहे। फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार बार पदाधिकारी पुरानी कचेहरी से प्रदर्शन करते हुए नवीन कचेहरी पहुंचे। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार वैशाली अहलावत को सौंपते हुए मांग की कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये और मृत अधिवक्ताओं के परिवार को एक-एक करोड की आर्थिक सहायता करते हुए दोषियों को फांसी की सजा दी जाये। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, रामलाल वर्मा, इन्द्रेश कुमार शुक्ला, राजीव नयन तिवारी, हरनाम सिंह वर्मा, ओम प्रकाश यादव, गणेश शंकर मिश्रा, प्रदीप कुमार निगम, श्रवण कुमार वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते अधिवक्ताओं को समझाते एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी। ● अमृत विचार



जांच करते एसपी। ● अमृत विचार



घटना की जानकारी लेते एडीजी।



मौके पर पड़े गोलियों के खोखे।

## दाग मिटाने की कोशिश करते रहे शोएब उर्फ बॉबी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 27 साल पहले लखनऊ में राजभवन से कुछ दूरी पर जेलर आरके तिवारी हत्याकांड के बाद से बाराबंकी के शोएब किदवई उर्फ बाबी का नाम चर्चा में आया। यहीं से उनका नाम मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़ गया। वह बंकी ब्लाक में ज्येष्ठ प्रमुख भी रहे, वकालत पेशा अपनाया पर मुख्तार का खास होने की पहचान वह मिटाने में नाकाम रहे। हालांकि ढाई दशक के बाद बाबी की हत्या के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं।

बताते चलें कि जेल में सुधार के लिए चर्चित रमाकांत तिवारी की चार फरवरी 1999 को हत्या कर दी गई थी। लखनऊ के तत्कालीन जिलाधिकारी सदाकांत के आवास से बैठक कर वह शाम सात बजे लौट रहे थे। राजभवन के पास पहुंचते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उन्हें छलनी कर दिया था। बाद में उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी, चर्चित छात्र नेता अभय सिंह समेत दर्जन भर से अधिक लोग नामजद हुए थे। नामजद लोगों में बतौर शूटर बाराबंकी के शोएब किदवई व देवरिया के रामू का भी नाम शामिल था। इस हत्याकांड की जांच के बाद मुख्तार बरी हो गए थे पर शोएब के साथ शार्प शूटर की पहचान ऐसी जुड़ी कि इसे मिटाना मुश्किल हो गया।

जिला मुख्यालय पर डीएम आवास से कुछ दूरी पर रह रहे शोएब ने अपनी छवि बदलने की कोशिश की और बसपा से जुड़कर राजनीति में दांव आजमाया, इसके बाद वह बंकी ब्लाक में ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख बने। आम रहन सहन की ओर बढ़े शोएब ने बाद में वकालत पेशा अपना लिया और तबसे कचहरी में ही समय देने लगे। इतना सब करने के बावजूद वह मुख्तार गैंग से जुड़ी पहचान मिटा नहीं सके। लोगों में उनकी हत्या की वजह को लेकर खासी चर्चा है। बता दें कि शोएब के बड़े भाई जावेद कचहरी में वकील हैं जबकि छोटा भाई इंग्लैंड में है। पत्नी शाजिया व 15 वर्षीय पुत्र अरमान पढ़ाई कर रहा है। ससुराल लखनऊ के मलिहाबाद में है।

## महिला को धमकाने में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** दो दिन से लापता सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव पुलिस की गिरफ्त में आ गए। तिलक समारोह से लौट रहे प्रवक्ता को एक महिला को धमकाने के दर्ज मामले में पकड़ा गया है।

बताते चलें कि बीती 11 फरवरी को सफदरगंज क्षेत्र की रहने वाली कलावती ने भगोलापुरवा निवासी मनोज यादव उर्फ बब्लू पुत्र रामकुंवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया। आरोप था कि पुरानी रंजिश को लेकर मनोज यादव ने उसे धमकाया और बेटे को गायब करने की चेतावनी देने के साथ धक्का दे दिया। उधर लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाने में पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति मनोज यादव उर्फ बब्लू दो दिनों से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए हैं। सपा में भी उनके गायब होने को लेकर हलचल थी। महिला को धमकाने से लेकर गुमशुदगी के बाद उनकी तलाश जोरों पर थी।

हालांकि सफदरगंज पुलिस ने मनोज यादव को तलाश लिया। पुलिस ने राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज को थाना क्षेत्र से गुजरते समय गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि वह एक तिलक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस टीम ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सीएचसी बड़ागांव में मेडिकल कराया। इसके बाद उन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए रवाना कर दिया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं में कार्रवाई को लेकर चर्चा का दौर जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी के आरोप में युवक को पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के पटेल तिराहा स्थित मॉडल शॉप में चोरी करने के आरोपी युवक की पिटाई कर दी गई। मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है। शुक्रवार की शाम मॉडल शॉप दुकान संख्या में युवक शराब लेने पहुंचा था। आरोप है कि दुकानदार से बोतल की मांग करने के दौरान युवक ने उसके गल्ले से रुपये और शराब की बोतल चोरी कर ली। युवक के वहां से अचानक भागने पर दुकानदार और उसके साथियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस बीच वहां पर अफरा तफरी मच गई। इसके बाद वहां मौजूद दुकानदारों ने पुलिस को सूचना देने के बजाय खुद ही पिटाई करनी शुरू कर दी। युवक की जमकर पिटाई की गई। लोगों के हस्तक्षेप पर उसे छोड़ा गया।

## मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान मुख्य अतिथियों के रूप में बाराबंकी प्रभारी ममता चौधरी और पूर्व सांसद पीएल पुनिया उपस्थित रहे।

पीएल पुनिया ने कहा कि वर्तमान सरकार कांग्रेस की कई योजनाओं का नाम बदलकर आम जनमानस के अधिकारों को सीमित कर रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना पहले मजदूर, गरीब और किसान वर्ग के लिए लाभकारी थी, लेकिन पिछले वर्षों में इन्हें वंचित किया जा रहा है। पदयात्रा में उपस्थित लोगों ने 'मनरेगा बचाओ, गरीब-किसान मजदूरों के अधिकार वापस करो' नारे लगाते हुए ताहीपुर तक मार्च किया।

जिला प्रभारी ममता चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस योजना की संवैधानिक बहाली के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, मोहम्मद मोहसिन, अमरनाथ मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, के.सी. श्रीवास्तव, हरख रावत, मोहम्मद इरफान कुरैशी, शबनम वारसी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




पदयात्रा निकालते कांग्रेस के जिला प्रभारी, पूर्व सांसद व अन्य कार्यकर्ता।

## प्रधान पति और भाई पर हमला

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर उटखरा में कृषि भूमि विवाद का समझौता कराने पहुंचे प्रधान पति और उसके भाई पर एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में प्रधान पति गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चांदपुर उटखरा निवासी अजय कुमार और रामस्वरूप के बीच कृषि योग्य भूमि पर कब्जे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को विवाद का निपटारा कराने के लिए गांव के प्रधान पति सरोज कुमार खेत पर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष के अजय कुमार, रामबली, पिंटू, सोनू, अनूप, अभिषेक और आशुतोष लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर वहां पहुंच गए और प्रधान पति सरोज कुमार पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई रविन्द्र को भी हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया। हमले में प्रधान पति को गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी रामनगर ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मामूली विवाद में मारपीट, महिला घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिपरिहा ग्राम भवानियापुर खेवली निवासी विमल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार को पानी के विवाद को लेकर गांव के ही अशोक कुमार अपनी पत्नी गुड़िया और पुत्री बब्ली के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में उनकी मां कमला देवी के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उनका सिर फट गया। बीच-बचाव करने पर पीड़ित को भी मारा-पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच उपनिरीक्षक राजकुमार पटेल को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।।

## पति ने पत्नी को पीटा, दी धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के शान्ति विहार कालोनी में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। पीड़िता अनामिका बाजपेयी ने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत कोतवाली नगर में दर्ज कराई गई है। अनामिका के अनुसार 8 फरवरी को पति आशीष कुमार बाजपेयी ने घर में उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद पति ने उनके बाल पकड़कर लात-घूंसों और डंडे से बेरहमी से पिटाई की। पीड़िता के सिर और नाक पर कई बार वार किए गए, जिससे वह अचेत हो गयी। उसका कहना है कि होश आने पर उन्होंने अपने पुत्र और पुत्री को साथ लिया और जान बचाकर थाने पहुंचीं।

## हादसों में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीते दिनों हुए सड़क हादसों में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने संबंधित थानों में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर निवासी अर्चना चौधरी के अनुसार 9 फरवरी की रात उनके पति पवन सिंह देवा से विवाह समारोह से वापस लौट रहे थे। देवा-बाराबंकी रोड पर पराली लदे ट्राला ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में ट्राले में लगा लोहे का एंगल कार में घुस गया, जिससे पवन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पहले उन्हें जिला अस्पताल और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर निवासी बृजेश कुमार वर्मा के अनुसार 2 फरवरी को उनके पिता पंच्चाराम साइकिल से फतेहपुर जा रहे थे। रायपुर तालाब के पास पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ऑटो चालक ने टक्कर मार दी।

गंभीर रूप से घायल पंच्चाराम को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां 8 फरवरी को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। थाना रामनगर क्षेत्र में 27 जनवरी को जरवल जा रही कार को डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में मेहर इस्लाम की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आस्था**

लखनऊ के बंथरा से पहुंचा 75 कांवरियों के जत्थे में बच्चे भी हैं शामिल

## महादेवा मंदिर जाने वाले मार्ग पर कांवरियों की भीड़

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा मंदिर का फागुनी मेला अब अपने पूरे चरम पर है। मेला क्षेत्र हर-हर बम-बम के जयकारों से गुंजायमान है। हाईवे से लेकर मंदिर तक जाने वाले मार्गों पर कांवरियों की भारी भीड़ दिखाई दे रही और पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से पट गया है।

श्रद्धालु कानपुर, उन्नाव, बिठूर, उरई और जालौन सहित दूर-दराज़ जनपदों से सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कंधों पर कांवर लेकर महादेवा पहुंच रहे हैं। डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-झूमते कांवरियों के जत्थे पैदल मार्गों पर आगे बढ़ रहे हैं। मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बसों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद कई श्रद्धालु मेला परिसर में विश्राम कर भजन-कीर्तन और रामायण पाठ में जुटे हैं। भक्ति रस में डूबे कांवरियों के जत्थे उत्साह के साथ नृत्य करते भी नजर आ रहे हैं। मेले में सजी दुकानों पर खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ गई है। इसी क्रम में लखनऊ के बन्थरा क्षेत्र से लगभग 75 कांवरियों का जत्था महंत रामकरन की अगुवाई में जल भरकर शुक्रवार को महादेवा मंदिर पहुंचा। विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जत्थे में 9 से 15 वर्ष तक के बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते दिखाई दिए। आस्था के आगे कठिनाइयां भी फीकी पड़ती नजर आईं। अरुण कुमार, अर्जुन, दीपक, जितेंद्र, धर्मेंद्र, दिलीप, सजीवन, हिमांशु, अमित, शिवम और सुरेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु कांवर लेकर डीजे की धुन पर थिरकते हुए मंदिर की ओर बढ़ते रहे। समाजसेवियों व शिव भक्तों द्वारा मेला क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे भी चलाए जा रहे।



नाचते हुए लोधेश्वर महादेवा जाता कांवरिया। ● अमृत विचार

### शाम ढलते ही अंधेरे में दूरी तय कर रहे कांवरिये

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा मंदिर आ रहे कांवरियों के लिए शाम ढलते ही हाईवे की दूरी तय करना बहुत ही मुश्किल भरा साबित हो रहा। हर पल हादसे की आशंका बनी रहती है। मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था न होना कांवरियों को खास अखर रहा है। मार्ग के अंधेरे में डूबे रहने से वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बताते चलें कि देर रात जलाभिषेक के लिए आने-जाने वाले कांवरियों को अंधेरे में पैदल चलना पड़ रहा है। हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के चलते हर समय हादसे का खतरा बना रहता है, लेकिन अब तक प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। वहीं केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर भी कांवरियों को बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। क्रॉसिंग का गेट बंद कर दो-दो ट्रेनों के गुजरने तक रास्ता बंद रहने से लंबा जाम लग जाता है। इस दौरान पैदल चल रहे कांवरियों को भी काफी देर तक रुकना पड़ता है।

## योजनाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण योजनाओं में लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी करने तथा कुपोषित (सैम व मैम) बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने को कहा गया। पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने, आरबीएसके टीम की विजिट कराने और लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन



कार्यक्रम को संबोधित करते कर्नल बीसी सती। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हज़ाराबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के दिव्य शक्ति भवन सेवा केंद्र में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू (राजस्थान) से कर्नल बीसी सती, राष्ट्रीय संयोजक, सुरक्षा सेवा प्रभाग (आरईआरएफ) वरिष्ठ राजयोगिनी माधुरी (उपक्षेत्रीय संचालिका, लखनऊ) और राजयोगिनी दिव्या उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण के साथ उपस्थित लोगों ने प्रेम, करुणा, दया और एकता जैसे सद्गुणों को अपनाने का संकल्प लिया। राजयोगिनी माधुरी ने शिव अवतरण और उसकी आध्यात्मिक महत्ता समझाई, जबकि दिव्या ने शिवरात्रि और शिवलिंग पूजा का आध्यात्मिक रहस्य बताया। कर्नल बीसी सती ने ब्रह्माकुमारीज़ के माध्यम से स्वर्णिम दुनिया की नींव और 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में अनुराधा और प्रीति ने प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर 250 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत बीएसए नवीन कुमार पाठक एवं एआरटीओ (प्रशासन) अंकिता शुक्ला के संरक्षण में सभी विकास खंडों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फतेहपुर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरिया, विशुनपुर व प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज, इसरौली, बंकी विकास खंड से कंपोजिट विद्यालय कुम्हरोहरा व कस्तूरबा विद्यालय तथा देवा से उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरमऊ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 में आयोजित किया गया था। इसे एक माह और बढ़ाया गया है। प्रतियोगिता के आयोजन में मास्टर ट्रेनर उमेश चंद्र यादव, मणि गुप्ता, वैशाली गुलसिया, सीबी सिंह, निर्मल कुमार, लीलावती, पूनम मिश्रा व शालिनी सिंह सहित अनेक शिक्षकों का सहयोग रहा।

### शिक्षा के सुधार पर जोर, मेधावी होंगे सम्मानित




बैठक में दिशा-निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई। इसमें सीडीओ अन्ना सुदन, बीएसए नवीन कुमार पाठक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार और विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत और ब्लॉक स्तर पर भाषण, कहानी व कविता प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी हैं, जबकि जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं फरवरी के अंत में होंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि कम उपस्थिति व कमजोर शैक्षणिक स्तर वाले 20 छात्रों की पहचान कर कार्ययोजना बनाएं।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** गोढवा ग्वारी स्थित आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में चल रही पांच दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। प्रवाचक रंजीता नन्द महाराज ने माता पार्वती के अवतरण और भगवान भोलेनाथ के विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर पुजारी रामपाल, संतोष सागर, पवन कुमार, आनंद, शिवकुमार, विश्वनाथ, शालिनी राज, काजल राज, शिवानी राज, छोटेलाल, नरेंद्र, निहारिका सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।



कथा सुनाते रंजीता नन्द महराज।

### श्री बालाजी कोल्ड स्टोरेज का उदघाटन आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर-बेलहरा लिंक मार्ग (बादनपुर मोड़) बिहुरा में नव निर्मित श्री बालाजी कोल्ड स्टोरेज का भव्य उदघाटन आज सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा होंगे। कोल्ड स्टोरेज के संचालक राजेश कुमार ने बताया कि इस इकाई के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में सुविधा मिलेगी तथा उन्हें बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में स्वागताकांक्षी के रूप में विवेक प्रकाश, कल्याण सिंह मौर्य, अमित मौर्य, योगेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। सुरेंद्र सिंह एवं राम आशीष सिंह द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की जा चुकी है।

### सीडीओ ने चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खण्ड देवा क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने ग्राम पंचायत भटेहटा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और पात्र लाभार्थियों को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत कुसुम्भा में निर्मित तालाब का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी तथा रखरखाव बेहतर रखने के निर्देश दिए। इस्माइलपुर गांव में बने अन्नपूर्णा भवन का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। दौरे के दौरान विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत कुंवर स्वरूप, पंचायत सचिव यशवंत सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हादसे में घायल साइकिल सवार की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे मे साइकिल सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। पोस्टमार्टम से वापस आये शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा के ब्रम्हानान वार्ड निवासी विनोद कुमार वर्मा 52 गुरुवार की रात खरसतिया गांव स्थित पारिजात में आयोजित एक तिलक समारोह में शामिल होने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। वह नहर कालोनी के निकट पड़ने वाले कट पर सड़क पार कर रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बालक लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलियामसूदपुर से एक 9 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिजनों रोना पिटना मचा है। जानकारी के अनुसार बन्ना पत्नी बृजपाल निवासी ग्राम पलियामसूदपुर का 9 वर्षीय पुत्र अमित 10 फरवरी को दोपहर बिना बताए घर से कहीं चला गया। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला व दो युवकों की मौत

## पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, हादसे के बाद से परिजनों में हाहाकार

कार्यकाल संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अलग-अलग जगह पर हुए सड़क हादसों में एक महिला व मजदूर की जान चली गई। वहीं, सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

### बस की टक्कर से मजदूर की मौत, मचा कोहराम

दही थानाक्षेत्र के भुटवल गांव निवासी विनोद राठौर (32) पुत्र नहक्के कानपुर निवासी ट्रक मालिक अख्तर अली के पास 10 साल से मजदूरी करता था।

बीते गुरुवार वह ट्रक मालिक व साथी 12 मजदूरों के साथ अचलगंज थानाक्षेत्र के जमुका स्थित एक राइस मील से भूसी लोड कर अकरमपुर स्थित एक फैक्ट्री में अनलोड करने को निकला था। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने ट्रक रुकवाकर पान मसाला खरीदने को सड़क पार कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। साथी उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इसकी



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद विनोद के परिजन। ● अमृत विचार

खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। विनोद दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई मनोज ने बताया कि उसकी मौत से पत्नी अनिता व मां निर्मला का रो-रोकर बुरा हाल है। उसके एक 6 माह की बेटी रुही है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### शादी से लौटते समय महिला को ट्रक ने रौंदा, बेटा व पति बाल-बाल बचे



अन्नपूर्णा

**संवाददाता, बिछिया :** अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी अन्नपूर्णा उर्फ अन्नू (32) पति अरविंद, बेटे हर्ष (6) व हर्षित (4) के साथ अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सधीरा गांव स्थित अपने मायके में सहेली की शादी में शामिल होने बीते बुधवार को गई थी। वह शुक्रवार को करीब 11 बजे सभी वहां से लौट रहे थे। तभी दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाईपास चौराहा स्थित ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे अन्नपूर्णा उछलकर सड़क पर गिरी और ट्रक उसे रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसमें पति व बच्चे बाल-बाल बच गए। दही पुलिस ने शव मोर्चरी भेजकर किसी तरह जाम खुलवाया। हादसे की खबर पर मायके व ससुराल पक्ष के लोग पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। जेठ राजेंद्र की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। ट्रक को पकड़ कर थाने में खड़ा कराया गया है।

### घर से कानपुर जाने की बात कह निकले युवक का शव खंती में मिला



सुरेंद्र कठेरिया

**संवाददाता, परियर :** कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव निवासी सुरेंद्र कठेरिया (30) पुत्र बउवा बीती गुरुवार रात साढ़े 8 बजे घर से कानपुर जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। उसके न लौटने पर परिजनों ने फोन से संपर्क किया लेकिन बात नहीं हो सकी। शुक्रवार सुबह घर से करीब 2 किमी आगे परियर-बिठूर मार्ग पर माना बंगला तिराहे के पास 20 फिट गहरी खंती में वह बाइक सहित पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस युवक की मौत सड़क हादसे में होने की बात कह रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। कार सीज कर कोतवाली में खड़ा कराई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एचटी लाइन की चपेट में आ महिला झुलसी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव रूरी सादिकपुर के मजरा गद्दिन खेड़ा निवासी संतोष की 50 वर्षीय पत्नी फूल दुलारी बीती गुरुवार शाम जानवरों के लिए खेत से घास की गठरी सिर पर रखकर घर लौट रही थी। तभी अचानक उच्च क्षमता की लटकती विद्युत लाइन सिर पर रखी घास की गठरी में छू गई। तेज करंट की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

### लेखाकारों के बदले कार्य पटल

**उन्नाव, अमृत विचार :** डीआईओएस सुनील दत्त ने लेखाकारों के कार्यों के कार्य आवंटन बदले हैं। अब लेखाकार रमेश रावत जिले के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों के बीमा दावा, वेतन निर्धारण, अवशेष देयक, पेंशन परीक्षण, पेंशन पुनरीक्षण आदि वित्तीय कार्य व डीआईओएस, वित्त एवं लेखाधिकारी (माध्यमिक) द्वारा सौंपे गये सभी कार्यों का निर्वहन करेंगे। सहायक लेखाकार विकम सिंह जिले के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों के वेतन का परीक्षण करेंगे।

### वृद्ध को जहरीले जंतु ने काटा, हालत गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव रूरी सादिकपुर निवासी रामसेवक (60) बीती गुरुवार शाम दरवाजे पर जमा ढेर से लकड़ियां निकाल रहा था। तभी किसी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मोबाइल व कोई भी टेक्निकल डिवाइस परीक्षा केंद्र में न जाए: डीएम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज संत पूरनदास नगर में 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई।

इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केंद्रों में सीसीटीवी, प्रकाश, फर्नीचर, पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा शुरू होने से समाप्त होने तक की पूरी रिकॉर्डिंग सभी केंद्र व्यवस्थापक रखेंगे। जो कभी भी देखी जा सकती है। परीक्षा आयोजित होने के पूर्व सभी सेक्टर



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

● **नकलविहीन परीक्षा कराने को डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक**

व जोनल मजिस्ट्रेट केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। कोई दिक्कत हो तो उसे समय रहते दूर कर लिया जाए। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाए और उनका सघन निरीक्षण किया जाए। मोबाइल व कोई भी टेक्निकल डिवाइस केंद्र में न जाए यह सुनिश्चित करें। कहा कि डीआईओएस एक ग्रुप बना लें जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों के नंबर जुड़े हों। ताकि कोई भी सूचना हो समय से मिल सके। डीआईओएस सुनील दत्त ने बताया कि परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक कुल 18 दिवसों में होगी। इसके लिए 122 केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 6 जोनल, 11 सेक्टर व 122 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। हाईस्कूल में कुल 39165 व इंटर में 32711 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। हाईस्कूल में परीक्षा का समय 8:30 से 11:45 तक व इंटर में 2 बजे से 5:15 बजे तक का रखा गया है। बैठक को एडीएम वित्त एवं राजस्व, एएसपी अखिलेश सिंह ने भी संबोधित किया।

### पुराने मुकदमों व राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम ने दी चेतावनी

**संवाददाता, उन्नाव :** कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम गौरांग राठी ने तहसील न्यायालयों में लंबित मुकदमों, स्वामित्व योजना घरौनी व राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील न्यायालयों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि धारा 34 नामांतरण व धारा 67 अवैध कब्जा से संबंधित पुराने मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। निर्देश दिया कि अभियान चलाकर लक्ष्य निर्धारित करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी न्यायालय में कोई पुराना वाद लंबित न रहे। स्वामित्व योजना की समीक्षा में डीएम ने घरौनी की खराब प्रगति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रोन सर्वे की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करें और सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूर्ण कर ग्रामीणों को घरौनी का वितरण करें। राजस्व वसूली को लेकर कहा कि बड़े बकायेदारों को बख्शा न जाए। वसूली का जो लक्ष्य मिला है उसे हर हाल में पूर्ण करें। इसके लिए तहसील स्तर पर विशेष अभियान चलाकर राजस्व जमा कराएं। मुख्यमंत्री संदर्भों का निस्तारण समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण हो। मामला डिफाल्टर श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को चेतावनी दी कि पैमाइश मामलों में लापरवाही मिलने पर उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सदर, हसनगंज, पुरवा व बीघापुर एसडीएम सहित सभी तहसीलदार मौजूद रहे।

### बक्सर गंगातट पर पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** बारासगवर थानाक्षेत्र के बक्सर गंगाघाट पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बारासगवर थानांतर्गत मां चंडिका देवी मंदिर के पूर्व प्रबंधक लल्ला गुरु का इकलौता बेटा रामबाबू पंडा गुरुवार शाम गंगा आरती में जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। चर्चा रही कि वह शराब का लती था। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं लगा। शुक्रवार दोपहर लोगों ने नमामि गंगे घाट पर उसका शव पानी में पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। परिजनों से मिली सूचना पर बक्सर चौकी पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के मुताबिक उसकी मौत डूबने से हुई है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# प्रधान ने पंचायत सहायक को दी जान से मारने की धमकी

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के बाराबुजुर्ग गांव के पंचायत सहायक व ग्राम प्रधान का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें प्रधान पंचायत सहायक से अभद्र भाषा में बात करने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसकी शिकायत पंचायत सहायक ने कोतवाली में की है। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी भी ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। शुक्रवार को गांव बाराबुजुर्ग में पंचायत सहायक रामबाबू वर्मा ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते कुछ दिनों से ग्राम प्रधान जसवंत सिंह राजपूत उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बीती रात उन्होंने परिवार के सामने भी गालीगलौज की। इसके बाद जब

● **सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल, हुई शिकायत**

वे तहसील आ रहे थे तो प्रधान ने फोन पर उन पर पैसे लेने का झूठा आरोप लगाया ओर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे लेकर ग्राम प्रधान जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि पंचायत सहायक द्वारा ग्रामीणों से जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल आदि प्रपत्र बनवाने के नाम पर अवैध धन उगाही की जाती है। जब उन्होंने पूछा तो वे उग्र हो गए। कहा कि वायरल ऑडियो मेरा नहीं है। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि प्रार्थनापत्र आया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस के पहरे में निकली कांग्रेस की पदयात्रा

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा में जमकर हंगामा हुआ। जब पुलिस प्रशासन ने पदयात्रा को पूर्व निर्धारित मार्ग पर बढ़ने से रोका तो जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा व सीओ सिटी के बीच कहासुनी हुई। पुलिस की तमाम पाबंदियों के बावजूद सत्याग्रही पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे।

सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह से ही मनरेगा मजदूर जमा होने शुरू हो गए थे। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शहीद स्मारक व सरदार पटेल की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर जुलूस रवाना





पदयात्रा निकालते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा में जमकर हुआ हंगामा**

हुआ। जैसे ही पदयात्रा करोवन, रघुनाथ खेड़ा व रुस्तमपुर होते हुए जिला मुख्यालय की ओर बढ़ी सीओ सिटी ने भारी फोर्स के साथ उन्हें रोक दिया। सत्याग्रहियों को जबरन करोवन मोड़ की ओर मोड़ने पर मजबूर किया गया। पुलिस द्वारा पदयात्रा रोकने की कोशिशों के बीच सत्याग्रही गाड़ियों से उतरकर पैदल ही मनरेगा बचाओ, सरकार हटाओ के नारे लगाते हुए झाड़ी शाह मजार पहुंचे। जहां यात्रा जनसभा में तब्दील हो गई।

### हिस्ट्रीशीटरों का किया गया सत्यापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिले में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ऑपरेशन 'दस्तक' अभियान के तहत हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन की कार्रवाई की गई। एसएसपी के निर्देश पर सीओ बीघापुर मधुप नाथ मिश्रा के नेतृत्व में अचलगंज व बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के 41 हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें अचलगंज के 18 व बीघापुर के 23 हिस्ट्रीशीटरों के भौतिक सत्यापन करने के साथ उनकी वर्तमान गतिविधि, कार्य विवरण, संपर्क नंबर, पूर्व अपराध इतिहास, पारिवारिक स्थिति व निवास की जानकारियां डोजियर फॉर्म में दर्ज की गईं। सीओ ने हिस्ट्रीशीटरों को आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की हिदायत दी। स्पष्ट किया कि किसी अपराध में वे संकल्पित मिले तो कड़ी कार्रवाई होगी। सीओ ने बताया कि अभियान का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना है।

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव शोभायात्रा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शिव सेवा समिति शुक्लागंज उन्नाव द्वारा रविवार दोपहर 1 बजे दूसरी बार भव्य शिव शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपीनाथपुरम से शुरू होकर राजमार्ग स्थित अंबिका मेमोरियल पब्लिक स्कूल से मुड़कर कोतवाली मार्ग से सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथ पुरम में विश्राम लेगी। जानकारी शुक्रवार शाम राजमार्ग सब्जी मंडी स्थित समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में समिति पदाधिकारियों ने दी। भगवान शिव परिवार की आकर्षक झांकियां व 11 रथ यात्रा का विशेष आकर्षण होंगे। इस दौरान आयोजक वीरेंद्र शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, कमल वर्मा, सूर्यकुमार बाजपेई, भूपेंद्र सिंह, सत्य कुमार उपाध्याय, राजन कनौजिया, सर्वेश राजपूत, आकाश बाजपेई, सुनील सिंह यादव, यश प्रताप, रोहन कनौजिया, निश्चित श्रीवास्तव, राहुल यादव, गौरव यादव व अनूप साहू उपस्थित रहे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

### एसवीएम में कक्षा 12 के छात्रों को दी गई विदाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोपीनाथपुरम में शुक्रवार को कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित डॉ. अमित निरंजन, अभिषेक मिश्रा (अधिवक्ता), प्रबंधक राकेश कुमार व प्रधानाचार्य श्रवण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रबंधक, शिव सिंह व मनोज सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसमें प्रधानाचार्य ने परीक्षा संबंधी जानकारी दी। नव्या यादव, रिया शर्मा, ईवा अवस्थी, पलक त्रिपाठी, साम्भवी उपाध्याय, अहम मिश्रा व ईशान ने कविता पाठ से वातावरण भावुक कर दिया। शिव सिंह ने परीक्षोपयोगी विचार रखे। नितीश कुमार (एएनओ, एनसीसी) ने सामान्य ज्ञान परीक्षा परिणाम घोषित कर पुरस्कार वितरित किए।



विदाई समारोह में छात्रा को गिफ्ट देते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

# पालिकाध्यक्ष ने छात्राओं को बांटी परीक्षा किट

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही छात्राओं का उत्साहवर्धन करने व उन्हें परीक्षा के प्रति तनावमुक्त करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने शुक्रवार को नगर के 3 प्रमुख विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर कक्षा-12 की छात्राओं को परीक्षा उपयोगी सहायक सामग्री किट भेंट की।

नगर पालिका अध्यक्ष व भारतीय जनता युवा मोर्चा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा (भानू) ने संयुक्त रूप से छात्राओं को किट वितरित कर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोती नगर में छात्रा विदाई समारोह के क्षणों के बीच छात्राओं



छात्राओं को परीक्षा सामग्री किट देतीं नगर पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

को विदा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ.जीनाथजी इंटर कॉलेज कल्याणी देवी में छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की बारीकियों व तैयारी के टिप्स दिए गए। रानी शंकर सहाय इंटर कॉलेज मोती नगर में भी विदाई समारोह में सामग्री बांट कर छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि आज की बेटियां केवल पढ़ ही नहीं रहीं बल्कि समाज व राष्ट्र निर्माण में नेतृत्व कर रही हैं। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या दीप शिखा मिश्रा, कंचन भट्ट, रुचि, पूजा शुक्ला, चयति प्रभा, श्वेता सत्यार्थी, श्वेता मौर्य मौजूद रहीं।

# 4 घंटे जाम में फंसे पूर्व सीएम अखिलेश

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित जाजमऊ पुराने गंगापुल पर शुक्रवार दोपहर एक निजी बस खराब होने से जाम लग गया। तभी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी उनका काफिला भी जाम में फंस गया।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे जाजमऊ पुल पर एक निजी बस खराब हो गई। संकरा पुल होने से यातायात प्रभावित हो गया। जाम की सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस पहुंची। पुलिस कर्मियों ने खुद धक्का लगाकर बस को पुल से हटवाया। तब जाकर यातायात



हाईवे पर जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

● **सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर कसा तंज।**

सुचारु हो सका। जाम में फंसे अखिलेश यादव ने मौके का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक व एक्स पर साझा कर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए लिखा कि लखनऊ से कानपुर 45 मिनट में पहुंचाने का दावा किया जा रहा है लेकिन दो स्मार्ट सिटी के बीच गंगा पुल पर लगने वाला 90 मिनट का जाम क्या उस गणित में शामिल है या उसे अलग से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दावों से अधिक वास्तविकता छिपाती है।

### ब्रेनिएक ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर लिटिल किंगडम के मेधावी का सम्मान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम स्कूल में शुक्रवार को ब्रेनिएक इंटरनेशनल ब्रेन बूस्टर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सुभाष अरोड़ा व निदेशक अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल अजय त्रिवेदी ने मेधावियों को सम्मानित किया। इसमें प्रथम शर्मा (पीजी) ने जोनल अचीवर ट्रॉफी, मेडल ऑफ ऑनर व प्रमाणपत्र पाया। जबकि त्रिशा गुप्ता (पीजी) को कक्षा टॉपर स्वर्ण पदक मिला। नर्सरी-ए में अक्षज कुशवाहा (स्वर्ण), आद्विक बाजपेई (रजत) व फैजुन निशा वारसी (कांस्य) और नर्सरी-बी में अमूल्य बाजपेई (स्वर्ण) से सम्मानित हुए। प्रेप-ए में आन्या शर्मा (स्वर्ण), कौर्वी (रजत) व अधिराज प्रताप सिंह को (कांस्य) पुरस्कार मिला। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने विद्यार्थियों की सराहना की।





मेधावियों के साथ खड़े निदेशक, मुख्य अतिथि व अन्य।

**सख्ती**

नवाबगंज ब्लाक के भितरेपार गांव में सीडीओ ने चौपाल लगा सुनीं लोगों की समस्याएं

# लापरवाही पर सचिव, पंचायत सहायक व बीएमएम का वेतन रोका

नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** नवाबगंज विकासखंड के गांव भितरेपार में आयोजित ग्राम चौपाल में सीडीओ कृति राज ने विकास कार्यों में लापरवाही व जनसमस्याओं के निस्तारण में ढिलाई बरतने पर ग्राम सचिव, पंचायत सहायक व एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

चौपाल के दौरान सीडीओ ने केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में पता चला कि पात्र 70 लोगों में सिर्फ दो लोगों के ही कार्ड बने थे। वहीं, पेंशन के कई पात्रों ने शिकायत की कि उनके फॉर्म तक नहीं भरे गए हैं। इससे उनकी पेंशन रुकी हुई है। इस



ग्राम चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनतीं सीडीओ कृतिराज। ● अमृत विचार

लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी शरद चन्द्र पांडेय व पंचायत सहायक शुभलक्ष्मी का वेतन रोकने का आदेश दिया। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चल रहे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्थिति भी गांव में दयनीय मिली। जब महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों के बारे में पूछा गया तो वे कोई जानकारी नहीं दे पाईं। सीडीओ ने इसे ब्लॉक स्तर की विफलता मान बीएमएम अरविंद सोनी को फटकार लगाते हुए बीडीओ शशांक चौधरी को उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने गांव की जर्जर सड़कों व नालियों का पानी सड़क पर बहने की समस्या सीडीओ के सामने रखी। सीडीओ ने मौके का निरीक्षण किया और बीडीओ को जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जर्जर सड़कों का निर्माण जल्द कराया जाएगा। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए गए थे।

इस अवसर पर तेजवंत सिंह परियोजना निदेशक, शशांक चौधरी बीडीओ, मुनेश चन्द्र डीसी मनरेगा, डॉ. राजेश मौर्या पशु चिकित्साधिकारी, मनोज कुमार एडीओ आदि मौजूद रहे।

### डंपर के आगे बनाई रील, ट्रांस गंगा सिटी का वीडियो वायरल

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर मशहूर होने की चाह में एक युवती द्वारा ट्रांस गंगा सिटी क्षेत्र में सड़क पर रील बनाना चर्चा का विषय बन गया है। 7 मिनट का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दो युवतियां साड़ी पहनकर भोजपुरी गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में दिख रहा है कि तभी पीछे से एक डंपर आता है जिसे चालक रोक देता है। इसके बाद एक युवती डंपर के ठीक सामने सड़क पर बैठ जाती है और अभिनय करने लगती है। जबकि दूसरी युवती पास में नृत्य करती रहती है। यह पूरा घटनाक्रम व्यस्त सड़क पर फिल्माया गया जिससे यातायात बाधित होने व हादसे की आशंका बनी रही। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और वीडियो की सत्यता व स्थान की पुष्टि की जा रही है।

### पालिका ने फोरलेन पर लगवाए 'ॐ' लिखे झंडे

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में नगर पालिका गंगाघाट द्वारा शुक्रवार से फोरलेन मार्ग पर सजावट शुरू कराई गई है। पालिका कर्मियों द्वारा स्ट्रीट लाइटों पर 'ॐ' अंकित भगवा झंडे लगाए जा रहे हैं। जिससे पूरे मार्ग का वातावरण भक्तिमय हो गया है। महाशिवरात्रि के मद्देनजर नगर में सफाई व प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। फोरलेन से गुजरने वाले श्रद्धालुओं, निकलने वाली शिव बारात व कांवड़ियों को ध्यान में रख यह सजावट हो रही है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि पर्व के दौरान नगर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है। इसके साथ ही शिव बारात भी निकालती है। इसलिए सौंदर्यीकरण व मूलभूत व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदरों के ईंट गिराने से वृद्धा घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम मुरौली कटरियान में बंदरों के आतंक से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव निवासी सुशीला देवी (65) पत्नी तिलक राम शुक्रवार सुबह अपने घर के बाहर घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड छतों पर आ धमका। बंदरों की उछलकूद के दौरान छत पर रखी कई ईंटें नीचे आ गिरीं, जिनमें से कुछ ईंटें सीधे सुशीला देवी के सिर और पैर पर लगीं। ईंट लगने से उनके सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पैर में भी काफी चोट बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम ले गए।

### 10 दिन बाद भी नहीं हट सका अतिक्रमण

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग के नोटिस जारी होने के बाद 10 दिन बीत गए, लेकिन अतिक्रमण नहीं हट सका, जिससे क्षेत्रीय लोगो में आक्रोश व्याप्त है। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ, शेखनपुर पश्चिमी, सदरपुर आदि गावों व कस्बा से होते हुए कटरा-बिल्हौर हाईवे निकला है। आबादी क्षेत्र में बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के अवैध रुप से दोनों गिट्टी, मौरंग, डस्ट आदि डम्प किया जाता है। बिलग्राम उन्नाव इलाहाबाद मार्ग पर दोनों ओर आबादी क्षेत्र में भाग में 60 फिट के अंदर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता कार्यलय ने 2 फरवरी को पत्र जारी कर निर्देश दिया था दो दिवस के अन्दर अवैध अतिक्रमण हटा कर निर्धारित क्षेत्र खाली दिया जाए। जिससे मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधिशासी अभियन्ता गौरव कुशवाहा ने बताया कि दूसरी नोटिस जारी की जाएगी।

# दुर्घटना में 2 बच्चों की मौत मां व पिता की हालत गंभीर

## बाइक से जाते समय तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार दंपति अपने दो बच्चों के साथ रिश्तेदारी में जा रहा थे। उसी बीच पिहानी कोतवाली के बूढ़ा गांव और धोबिया के बीच तेज़ रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दंपति को तुरंत ही सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उन्हे हायर सेंटर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



कासिम और हासिम की फाइल फोटो।

पिहानी कोतवाली के बूढ़ा गांव निवासी 28 वर्षीय आरिफ शुक्रवार की शाम को बाइक से अपनी 25 वर्षीय पत्नी नूरजहां के अलावा 5 साल के बेटे हाशिम व 3 साल कासिम को ले कर रिश्तेदारी में जाने के लिए निकला था, पीपर ताली के पास पहुंचते ही एक तेज़ गाड़ी ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिसमें दोनों सगे भाइयों कासिम व हाशिम की वहीं पर मौत हो गई,साथ ही आरिफ और उसकी पत्नी नूरजहां को काफी गहरी चोंट पहुंची, हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उठा कर सीएचसी पिहानी पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। दोनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गई।

कस्बे के मिर्जापुर काजीटोला निवासी मनीष (30) पुत्र मूलचंद्र शुक्रवार की शाम घर से बड़ा चौराहा जा रहा था। कन्या पाठशाला के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों ने एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर जितेंद्र पटेल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वहां कुछ देर इलाज के बाद ही युवक की मौत हो गई।



सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना सभी के लिए जरूरी

**हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026- 'सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधान' के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर निखिलेश शरण ने समस्त नागरिकों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने की अपील की। महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों द्वारा इस बात को रेखांकित किया गया कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। अभिभावक अपने बच्चों को कम उम्र में वाहन चलाने की अनुमति न दें। स्वयं हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर बच्चों के लिए उदाहरण बनें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ0 नमिता त्रिपाठी, डॉ0 शैलजा शर्मा डॉ0 राज किशोर पांडे तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

## अनियंत्रित पिकअप मिठाई की दुकानों में घुसा, हजारों की क्षति

संवाददाता, सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में कटरा-बिल्हौर हाइवे पर रूपापुर चौराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप डाला अनियंत्रित होकर मिठाई की दुकानों में जा घुसा, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हो गया।

बताते चलें कि गुरुवार को मुरादाबाद से कानपुर के लिए जा रहा पिकअप डाला सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपापुर में डाला रात्रि करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच दुकानों में जा घुसा, जिससे बड़ा धमाका सा हुआ और आवाज सुनने पर पता चला कि मिठाई की दुकानों के दो काउंटर क्षतिग्रस्त हो गए। चालक इब्राहिम पुत्र ज़ुल्फकार ने बताया साथी मोहम्द पुत्र मोहम्द रफीद के साथ मुरादाबाद से कानपुर पिकअप में बर्तन लेकर जा रहे थे, तभी रूपापुर पहुंचते ही बराबर से दूसरी गाड़ी ओवरटेक कर रही थी जिसके ओवरटेक करते ही गाड़ी वहक गयी और रोड के किनारे रखें मिठाई के भरे काउंटरों में गाड़ी टकरा गई, जिससे मिठाई भरे काउंटर क्षतिग्रस्त हो गये। विक्रेता कपिल अवस्थी निवासी ग्राम विराहेमपुर ने बताया कि 68 से 70 हजार के बीच नुकसान हुआ तथा सुखदेव पुत्र केशव सिंह रूपापुर ने बताया कि 65 से 70 हजार के बीच नुकसान हुआ।

### वाहन ने मारी टक्कर बाइक चालक गंभीर

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे पर निकट त्योरी मोड़ के पास बना हाइवे कट के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे बाइक चालक की हालत गंभीर हो गया। बताते चले कि बाइक चालक सोनेलाल (28) पुत्र गया प्रसाद निवासी कछौना देहात के मजरा चंदा माढिया बाइक से गांव के कल्लू के लड़के का अन्नप्राशन जो हरदोई के बूढे बाबा में होने जा रहा था। उसी में शामिल होने जा रहे थे, तभी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाया गया जहां पर हालत गंभीर देखते हुए हरदोई रेफर कर दिया। उप निरीक्षक शिव बाबू ने बताया है कि परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मंदिर में हुआ 16 ब्राम्हण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ मार्ग स्थित संस्कृति विद्यापीठ सिद्ध धाम बाला जी मंदिर में महंत नागेंद्र दास जी महाराज के तत्वावधान में 16 ब्राम्हण बटुको का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न इलाकों से शामिल हुए 16 ब्राम्हण बटुको को सामूहिक यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार व अनुष्ठान के संपन्न होने के साथ 16 बटुकों को जनेऊ धारण कराया गया। काशी प्रस्थान की परंपरा निभाने के तहत इन सभी बटुकों ने गुरु के आदेश पर वहीं शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया। सामूहिक 16 ब्राम्हण बटुकों के हुए यज्ञोपवीत संस्कार में संस्कृति विद्यापीठ के प्रधानाचार्य रामशब्द मिश्र ने सनातन परंपरा के अनुसार होने वाले गुरुकुल परंपरा के बारे में बताया।



बटुकों को आशीर्वाद देते आचार्य।

### अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** अधिवक्ता समिति संडीला के अध्यक्ष मो नसीम खां एवं मंत्री नागेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ता भवन से तहसील परिसर होते हुए बस स्टैंड चौराहे तक रामपुर के अधिवक्ता फारुख की निर्मम हत्या के विरोध में जोरदार जुलूस निकाला गया। अधिवक्ताओं ने शासन प्रशासन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार संडीला को सौंपा गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: रेवती:– आईबीएस का ब्लाक सेक्शन में रूपान्तरण। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-144, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 21,03,74,452/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 12,01,900/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 06-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह।

**क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: थावे–कप्तानगंज:– ईआरसी के साथ थ्रू फिटिंग नवीनीकरण (कुल 98.00 कि०मी०)। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-145, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 4,02,13,764/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 3,51,100/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 12-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-144 दिनांक 06-03-2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-145 दिनांक 12-03-2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-460

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया उर्स

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला मंडई स्थित दरगाह मखदूम साहब के निकट खानकाह रज़ा में हजरत सय्यद मुहम्मद रज़ा शाह संदीलवी रहमतुल्लाह अलैह एवं सय्यद मुख्तार हुसैन शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना जश्न-ए-उर्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की विशेष दुआ की गई।

खानकाह रज़ा के सज्जादानशीन नूरुल शाह चिश्ती साबरी ने कहा कि वलियों के उर्स में शिरकत करने से दिलों को सुकून मिलता है और अकीदतमंद फैज़ हासिल करते हैं। सज्जादानशीन ज़ैनुल आबदीन साबरी ने कहा कि वलियों की बारगाह इंसानियत, एकता और आपसी सौहार्द का सबक देती है, जिससे समाज में भाईचारा मजबूत होता है। मुख्य अतिथि के रूप में आगरा से पधारे सर्व धर्म साबरी एकता संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार जैन ने कहा कि सूफी संतों ने हमेशा सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलने का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश में शांति और प्रेम का वातावरण कायम रखा जा सकता है। उर्स के दौरान गुस्ल मजार, संदल, इत्र, चादरपोशी, गुलपोशी, कव्वाली, खास फातिहा ख्वानी, महफिल-ए-मीलाद, कुल व रंग का आयोजन हुआ। समापन पर देश में अमन-चैन की दुआ के बाद लंगर तकसीम किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।



उर्स में अमन चैन की दुआ मांगते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

## औड़ेरी गांव में जेसीबी से हो रहा खनन पुलिस ने पकड़कर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़ी

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र में बालू और मिट्टी खनन के कारोबारी पुलिस और खनन विभाग की मिली भगत के चलते दिन के वक्त धड़ल्ले से जेसीबी मशीन से खुदाई कर रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था को चैलेंज करते हुए भरे बाजार में मिट्टी डाल रहे हैं। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी लदी ट्राली को पकड़ा और मिट्टी माफिया से बातचीत होने के बाद मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए इस मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली का वीडियो किसी ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। मंझिला थाना क्षेत्र के औड़ेरी गांव में दिन के वक्त खनन किया जा रहा है। जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन दिनदहाड़े करने के बाद डिघिया बाजार में इस मिट्टी को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। मंझिला पुलिस को मिट्टी खनन की शिकायत की गई। आनन फानन में पुलिस दौड़ती हुई तो गई लेकिन मिट्टी माफिया से बात हो जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने उस मिट्टी लदी ट्राली को छोड़ दिया। वीडियो में देख सकते हैं कि पुलिसकर्मी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर जांच कर रहे हैं लेकिन थोड़ी देर बाद यह मिट्टी लदी ट्राली चली गई और फिर से धड़ल्ले से काम होने लगा। इससे स्पष्ट होता है कि खनिज विभाग और मंझिला पुलिस पूरी तरह से मिट्टी माफिया से सांठ-गांठ कर रखी है।


**सूचना**

मैं अब्दुल लतीफ चिकमंडी लालगंज रायबरेली का निवासी हूं। मेरे पुत्र मोहम्मद अशफाक का चाल चलन ठीक नहीं है, इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किसी भी प्रकार का लेन–देन या कार्य की जिम्मेदारी मेरे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा।


## बाग पर कब्जा और विरोध पर अभद्रता का आरोप, केस दर्ज

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बे के बखना तालाब के पास उसका आम का बाग है। बीती 30 जनवरी को उसे पता चला कि कस्बे के बाकरगंज मोहल्ला निवासी नौशाद उर्फ मुन्ना पुत्र मुख्तार अली ने तीन-चार आम के पेड़ काट दिए हैं और बाग में कब्जा करने की नियत से झोपड़ी डाल दी है। वहां बाहरी अराजक तत्त्वों का आना-जाना भी है। सूचना पर वह 2 फरवरी को बाग़ गई जहां उसे आम के पेड़ कटे मिले और झोपड़ी भी बनी मिली। यही नहीं नौशाद उर्फ मुन्ना 4 अज्ञात साथियों के साथ शराब पी रहा था। जब उसने बाग़ में अवैध कब्जा करने व अनैतिक कार्य की पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो वे आक्रोशित हो गए और जातिसूचक गालियां देते हुए साथियों के साथ उससे मारपीट कर उसका दुपट्टा खींच लिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए सभी भाग गए। पीआरवी को सूचना देकर उसने घटना से अवगत कराया। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# इंजीनियर के घर से लाखों की चोरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी के मायके जाने पर सिविल इंजीनियर घर में ताला लगा शादी में शामिल होने गया हुआ था,उसी बीच वहां पहुंचे चोर ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और अलमारी के लाकर से लाखों का ज़ेवर व कैश समेट कर भाग निकले,देर रात वापस लौटने पर वारदात का पता चला,सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन की,फोरेंसिक टीम क्लू इकट्ठा करने में जुटी हुई है,खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

सिविल इंजीनियर आशीष के पिता विशम्भर दयाल पीडब्लयूडी में क्लर्क है,जोकि गांव पर रहते है और आशीष पत्नी के साथ कोतवाली देहात के चरौली (नेक्सरा कालोनी के पीछे) में अपने नए मकान में रहता है। 10 फरवरी को पत्नी अपने मायके कुंइया मदारपुर थाना मोहम्मदी लखीमपुर खीरी गई हुई थी,आशीष घर में अकेला था। गुरुवार को एक शादी थी,आशीष घर में ताला लगा कर उसी शादी में शामिल होने गया था,देर रात करीब सवा एक बजे जब वापस लौटा तो उसे गेट का ताला गायब मिला,अंदर कमरें का ताला और उसमें रखी अलमारी का लाकर टूटा था। आशीष ने बताया कि अलमारी में रखा कमर बिछुआ,दो जोड़ी पायल और सोने की अगूंठी के अलावा करीब 6 हज़ार कैश गायब था। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए आस-पड़ोसियों से पूछताछ की,साथ ही क्लू इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल तहरीर नहीं आई है,उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



चोरी की घटना के बारे में बताता पीड़ित।

### अश्लील गाने बनाने पर होगी कार्रवाई

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर अश्लीलता परोसने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। कोतवाली पुलिस ने सभी वाद्ययंत्र संचालकों को सूचना दी है कि त्योहार पर आध्यात्मिक गीतों के बजाय अश्लील गाने बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शिवरात्रि पर्व शांति व्यवस्था हेतु कोतवाली व पुलिस चौकी परिसर में शांति कमेटी की बैठकें की जा चुकी हैं। इनमें नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की जा चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने नगर व क्षेत्र के सभी डीजे व बैंड संचालकों को सूचित किया कि शिवरात्रि पर सिर्फ भक्तिगीत व भजन ही बजाए जाएं।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2272422 प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। – **प्रार्थी सोहन चौहान पुत्र श्री राजेश चौहान ग्राम- कैथावा पोस्ट- धनऊपुर ,तहसील - कादीपुर, जनपद- सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र जावेद तथा उसकी बीबी नाजनी को उनके खराब आचरण के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उन लोगो से सारे रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। **परवीन पत्नी स्व0 मोईनुद्दीन 633, वजीरबाग, झरियन तालाब, सआदत गंज लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम बालमती देवी धरमदेवराम पासी पत्नी धरमदेवराम पासी और पता 73 गणेश बाग रहिवाशी संघ रूम नं. 25, टी.जे. रोड न्यू चाइना मिल समोर शिवडी मुंबई महाराष्ट्र – 400015 अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम बालमती देवी पासी पत्नी धर्मदेव पासी और पता ग्राम बसही जरमजेपुर पोस्ट मधसिया तहसील सदर जिला आजमगढ़ –276208 है। यही नाम और पता मेरे सभी दस्तावेजों में मान्य है।

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 18–02–2026 प्रात: 10.00 बजे क्वार्टर मास्टर डिपार्टमेन्ट, कमान्ड अस्पताल (सेन्ट्रल कमान्ड) लखनऊ में अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –नकद जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी।

**आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स – मो0–9919503110**



**समस्या** नगर में दम तोड़ रहीं डिजिटल बैंकिंग सेवाएं


# शोपीश बने एटीएम, लोग परेशान

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहां सरकार हर हाथ में डिजिटल लेनदेन की सुविधा देने का दावा कर रही है वहीं नगर में बैंकिंग सेवाएं दम तोड़ रही हैं। नगर के अधिकांश एटीएम इस समय शोपीस बने हुए हैं। जिससे स्थानीय निवासियों व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर स्थित विभिन्न बैंकों के एटीएम में अक्सर 'आउट ऑफ सर्विस' या 'नो कैश' की तख्ती लटकी रहती हैं। कई बैंकों के एटीएम में ताला लगा रहना आम बात हो गई है। आलम यह है कि उपभोक्ताओं को 1000 रुपये निकालने के लिए घंटों भटकना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि अधिकांश एटीएम में महीनों से तकनीकी खराबी है। लेकिन बैंक प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कुछ एटीएम के शटर महीनों से नहीं खुले हैं तो कुछ में मशीनें चालू तो दिखती हैं लेकिन ट्रांजेक्शन के अंत में 'तकनीकी त्रुटि' बताकर कार्ड बाहर आ जाता है। नगर के एक व्यवसायी ने बताया कि जब भी नकदी की जरूरत होती है हमें मुख्य शाखा जाना पड़ता है। वहां लंबी लाइनों में समय बर्बाद होता है। वहीं छात्रों व बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी कष्टदायक है। खराब पड़े इन एटीएम बूथों में सुरक्षा गार्ड भी नहीं रहते हैं। कई बूथों में गंदगी का अंबार है।

इस संबंध में जब बैंक अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने तकनीकी कारणों व कैश लोडिंग में देरी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी इस समस्या से नगर वासियों को कब निजात दिलाते हैं।

### सुबाहु, मारीच व ताड़का वध का किया संजीव मंचन

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महा शिवरात्रि पर्व तक चलने वाले भक्तिमय आयोजनों में श्री रास बिहारी रासलीला मंडल के निर्देशक अनुभव शुक्ला के निर्देशन में रात में मौरध्वज लीला का मंचन देख लोगों की आंखों में अंशु आ गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों के सहयोग से धूमधाम से हो रहे आयोजन में दिन की रामलीला में सुबाहु वध, मारीच वध व तड़का वध का संजीव मंचन देख मौजूद लोग वाहवाही करते रहे। हास्य कलाकार ने सभी को खूब हंसाया। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगों ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर भक्ति मय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-LKO-PR-178-26-1 (Parking Premium) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-GGJ-MX-158-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

500/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सगीर और उसकी पत्नी एवं उसके बच्चों का मेरे व मेरे परिवार के प्रति उसका आचरण ठीक नहीं है। जिससे मैं काफ़ी आहत हूँ यह लोग मेरी किसीं प्रकार से सेवा नहीं करते है। जिस कारण मै अपने पुत्र सगीर और उसकी पत्नी वा बच्चों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सभी कृत्यों की जिम्मेदार वह स्वयं ही होंगे। **अब्दुल शरीफ पुत्र स्व अब्दुल बारी खान निवासी मोहल्ला केवलहार परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने दोनों मृतक पुत्रों के वारिसान जिनके नाम सरोज पत्नी रविंद्र प्रताप,संदीप कुमार पुत्र रवींन्द्र प्रताप, कुलदीप कुमार व शिवा पुत्रगण रवींन्द्र प्रताप तथा मीना पत्नी शिव प्रसाद उर्फ लाखन,ज्योति पुत्री शिव प्रसाद, पूजा पुत्री शिव प्रताप उर्फ लखन, रवी कुमार पुत्र शिव प्रताप उर्फ लाखन को चल अचल संपत्ति से उनके क्रियाकलापों के चलते बेदखल कर दिया है। संपत्ति के वारिस प्रमोद कुमार व विनोद कुमार उपरोक्त ही हकदार होंगे। **दूबरि उर्फ़ देवी चरन पुत्र जुराखन निवासी मोहल्ला कटरा गंगारामपुर कस्बा व पोस्ट मल्लावां,तह0 बिलग्राम,हरदोई।**

**सूचना**

**उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (T.E.T.) 2011 प्राथमिक स्तर का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका रोल नं. 16034985 है। संजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, पोस्ट – भैंसऊ, जिला – कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दूसरे नंबर के बेटे रिंकू का चाल–चलन ठीक नहीं है। अपनी मां निर्मला पिता मेड़ई लाल पुत्र भगवान से आए दिन मारपीट व विवाद करता है। उसके द्वारा किया गया कृत्य समाज में गलत संदेश देता है। ऐसे में पुत्र को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। **मेड़ई लाल पुत्र भगवान निवासी ग्राम सुकईपुरवा रामगांव, जिला बहराइच, उ0प्र0।**

## न्यूज ब्रीफ

### महाविद्यालयों में संदेश प्रसारित करेगा रथ

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सिविल लाइंस व ज्योतिनगर केंद्र के नेतृत्व में विकारों को दूर करने व योग से जीवन को कैसे पवित्र बनाए जाने के संबंध में एक रथ का नगर में भ्रमण कराया जा रहा है। शुक्रवार को इस रथ ने दलेल नगर व रामलीला मैदान में अपना प्रदर्शन किया। यह रथ आगामी तीन दिनों तक जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में पवित्रता का संदेश प्रसारित करेगा। डा नरेश चन्द्र शुक्ल ने बताया कि जालौन के बी.के.भाई आनंद कुमार इस रथ को लेकर पूरे भारत में भ्रमण कर रहे हैं।

### लापता किशोरी के पिता ने पुलिस पर लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र से किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पिता ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुत्री के साथ अनहोनी होने की आशंका व्यक्त की है। पीड़ित पिता के अनुसार 11 फरवरी को तड़के सुबह उसकी 11 वर्षीय पुत्री को दीपू व गणेश पुत्रगण गुलाब तथा उनका सिकंदरपुर निवासी रिश्तेदार कल्लू भगा ले गए हैं। पीड़ित पिता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा उसकी बेटी को तलाश करने को कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# रेलवे ट्रैक पर बैठ कर परखी सुरक्षा और संरक्षा की स्थिति

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने काकोरी से हरदोई तक किया निरीक्षण, निर्माणाधीन नई स्टेशन बिल्डिंग की निर्माण प्रगति जानी

**संवाददाता, हरदोई, कछौना**

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने शुक्रवार को काकोरी से हरदोई तक विस्तृत निरीक्षण किया। वे विशेष ट्रेन से विंडो ट्रॉली निरीक्षण करते हुए हरदोई स्टेशन पहुंचे और रास्ते में ट्रैक, पुलों तथा संरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। हरदोई में उन्होंने पटरियों पर बैठकर ट्रैक की स्थिति, फिटिंग्स और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन नई स्टेशन बिल्डिंग का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सुबह काकोरी स्टेशन पर उन्होंने रेलवे म्यूजियम और नवविकसित पार्क का निरीक्षण किया तथा शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे बालामऊ जंक्शन पहुंचे, जहां अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। निर्माण की गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं और प्लेटफॉर्म व्यवस्था को लेकर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। स्थानीय यात्रियों ने कुछ प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी, जिस पर महाप्रबंधक ने विषय को रेलवे बोर्ड के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि बालामऊ में दिव्यांग यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में कठिनाई होती है। इसे देखते हुए नए प्लेटफॉर्म निर्माण की संभावना पर काम किया जाएगा। ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर करने और लंबी देर तक खड़ी रहने वाली ट्रेनों की उपयोगिता बढ़ाने के सुझावों पर भी सकारात्मक रुख दिखाया गया। रहीमाबाद से बालामऊ खंड पर स्पीड ट्रायल के दौरान विशेष ट्रेन लगभग 121 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी, जिसकी उन्होंने संतोषजनक समीक्षा की। रास्ते में पड़ने वाले पुलों का भी तकनीकी निरीक्षण किया गया।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते महाप्रबंधक अशोक कुमार। अमृत विचार

### कार्य के समय न हो सोशल मीडिया का प्रयोग

**हरदोई।** सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी बिना सेफ्टी शूज के मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यस्थल पर हेलमेट और सुरक्षा जूते अनिवार्य हैं। हालांकि कुछ निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के बिना हेलमेट और जैकेट दिखने की बात भी सामने आई, जिस पर कड़ी हिदायत दी गई। हरदोई स्टेशन पर कुछ स्थानीय प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन समुचित व्यवस्था न होने से वे ज्ञापन नहीं दे सके।

### समाप्त होंगे लेवल क्रॉसिंग रेलवे फाटक

महाप्रबंधक ने कहा कि उत्तर रेलवे में शेष बचे लेवल क्रॉसिंग फाटकों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर ओवरब्रिज या अंडरपास में बदला जाएगा। अधिकांश फाटक पहले ही समाप्त किए जा चुके हैं और शेष कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। कहा कि यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और संरक्षा के मानकों को और सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर काम जारी रहेगा।

### हरदोई में सवाल लेकर इंतजार करते रहे पत्रकार

**हरदोई।** पत्रकारों के लिए अलग से वार्ता की व्यवस्था भी नहीं की गई, जिससे स्थानीय मीडिया ने नाराजगी जताई, जबकि निरीक्षण को लेकर पिछले एक माह से तैयारियां चल रही थीं, स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार और प्लेटफॉर्म के कुछ हिस्सों में साफ-सफाई की कमी भी दिखी।

### यूआरएमयू ने महाप्रबंधक को सौंपा 24 सूत्री ज्ञापन

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव राजीव गुप्ता ने 24 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कुछ प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, हरदोई गैंग नंबर 13 के गठन, निजी अस्पताल को पैनल में शामिल करने, बालामऊ रेलवे अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध कराने और जर्जर रेल आवासों की मरम्मत जैसी मांगें शामिल थीं। हरदोई यार्ड में बढ़ते कार्यभार को देखते हुए मेंटेनेंस स्टाफ की संख्या पूर्ववत करने की भी मांग उठाई गई।


महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते यूआरएमयू के पदाधिकारी। अमृत विचार

### महाप्रबंधक ने कमियों को किया नजरअंदाज, यात्रियों को किया निराश

**हरदोई, अमृत विचार।** महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान बालामऊ से लेकर हरदोई तक बिल्डिंग में दरार और चटकन को नजरअंदाज किया गया, रेल अधिकारियों ने उसे छुपाने के लिए रंग-रोमन जरूर कर दिया था, लेकिन फिर भी चटकन और दारा साफ देखी जा सकते। यात्रियों समिति के महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के निरीक्षण से हरदोई और बालामऊ स्टेशन के दशा सुधरेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और न ही हरदोई में किसी ट्रेन के ठहराव के भी घोषणा की गई। हरदोई के रेल यात्रियों को महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के निरीक्षण से काफी निराश हाथ लगी है। लोगों का कहना है कि अगर पत्रकार वार्ता की जाती तो कुछ महत्वपूर्ण सवाल रेल महाप्रबंधक के संज्ञान में आते, जिससे स्टेशन का विकास और आगे बढ़ सकता था। हरदोई रेलवे स्टेशन पर माल भाड़े के साथ-साथ यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है।

रेल से जुड़े सूत्र बताते हैं कि महाप्रबंधक के इस निरीक्षण के बाद बघौली में कुछ ट्रेनों के ठहराव की उम्मीद जगी है। रेल महाप्रबंधक ने बघौली में किसानों की मांग पर अधिकारियों से वार्ता करते हुए बघौली में कुछ ट्रेनों के ठहराव कराने की बात कही है, जिससे लोगों की उम्मीद बढ़ी है।

# स्कार्पियो से बाइक सवार को कुचलने का प्रयास

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** स्कार्पिया सवार ने पुलिस बूथ के पास शादी से लौट रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक स्कार्पियो में ही फंस गई, खुद को फंसता देख स्कार्पियो सवार मौके से भाग निकला। गुस्साये लोगों ने पथराव कर स्कार्पियो के शीशे तोड़ दिए। पुलिस स्कार्पियो और बाइक को कब्जे में ले लिया। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

शहर के अशराफ टोला निवासी 19 वर्षीय शिवा मिश्रा पुत्र संजू मिश्रा की मौसेरी बहन की गुरुवार को शादी थी, शिवा अपने दोस्त मुकेश गुप्ता पुत्र रामप्रताप निवासी भूंसा मण्डी के साथ मौसी के गांव कोतवाली देहात के कालागाड़ा गया था। बकौल शिवा वहां डीजे पर डांस हो रहा था, उसी बीच शादी में शामिल रौनक यादव जोकि सुरसा थाने के जल्लामऊ के प्रधान का बेटा बताया गया है, से डांस की बात पर कुछ कहासुनी हो गई। उस बीच लोगों ने बीच बचाव कर दिया। देर रात को शिवा अपने दोस्त मुकेश के साथ लौट रहा था, पिहानी चुंगी पुलिस बूथ के पास रौनक अपनी स्कार्पियो लेकर पहुंचा और बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, बाइक सवार मुकेश उछल गया, जबकि उसे चला रहा शिवा स्कार्पियो में फंस गया, लेकिन उसके बाद भी रौनक ने कई बार गाड़ी को आगे-पीछे कर शिवा को मारने की भरपूर कोशिश की, चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर जमा हो गए तो रौनक स्कार्पियो छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवा को मेडिकल कालेज पहुंचाया और स्कार्पियो व बाइक को अपने साथ उठा ले गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने केबाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



स्कार्पियों में फंसी बाइक। अमृत विचार

- शादी समारोह में मामूली विवाद के चलते देर रात लौटते समय रास्ते में वारदात को दिया अंजाम

### विश्व कल्याण को रुद्र महायज्ञ में दीं आहुतियां

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के कमालपुर ग्राम पंचायत के शिव धाम सहुरापुर में इन दिनों भव्य श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा। कार्यक्रम में 15 फरवरी को भव्य शिव बारात निकाली जायेगी और 17 फरवरी को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। रुद्र महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया जा रहा है तो बहीं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन चल रहा जिसमें कथा प्रवक्ता के रूप में बाल व्यास डॉ. रोहितानंद जी महाराज भक्तों को कथा श्रवण करवा रहे हैं, यज्ञाचार्य के रूप में पं. लक्ष्मी कान्त दीक्षित वैदिक अनुष्ठानों का संचालन कर रहे है।

# फैली गंदगी देख भड़के उप निदेशक

**संवाददाता, माधौगंज, हरदोई,**

**अमृत विचार।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में उपनिदेशक/ प्रशासनिक विपड़न रामजी मिश्रा ने मंडी में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने घटते राजस्व को बढ़ाने के लिए व्यापारियों से सहयोग करने के लिए कहा। व्यापारियों ने मंडी की बताई समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दरमियान मंडी में फैली गंदगी देख सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश सचिव को दिए। शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे उपनिदेशक ने किराया पंजिका, मंडी शुल्क पंजिका, वित्तीय वर्ष 2025 में क्रय केंद्र को प्राप्त धनराशि की जानकारी ली. उन्होंने मंडी परिसर मे जिन दुकानों के आगे जल भराव है वहाँ फर्श के उच्ची करण का स्टीमेट बनाकर भेजनें, जल निकासी पंद्रह दिन मे व पेयजल व्यवस्था एक सप्ताह मे दुरुस्त करने के निर्देश सचिव अमित यादव को दिए.मुख्य मार्ग से मंडी गेट तक सड़क निर्माण को देखा. व्यापार मंडल अध्यक्ष रामआसरे गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विमल गुप्ता, हिमांशु मोहन दीक्षित ने उप निर्देशक को समस्याओं से सम्बंधित पत्र दिया।


मंडी में विकास कार्यों की हकीकत देखते उप निदेशक रामजी मिश्रा।

- सफाई कर्मियों के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश
- घटते राजस्व को बढ़ाने के लिए व्यापारियों से मांगा सहयोग

# पांच लाख के आवास लोन में बैंककर्मियों ने की धोखाधड़ी

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** आवास फाइनेंस कंपनी से पांच लाख रुपये का लोन लेने वाले एक व्यक्ति ने बैंक कर्मचारियों पर गंभीर अनियमितताओं और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

पीड़ित सुशील सक्सेना के अनुसार वर्ष 2023 में उन्होंने अपनी पत्नी प्रीति सक्सेना के नाम मकान निर्माण के लिए पांच लाख रुपये का लोन लिया था। उस समय कंपनी कर्मचारियों ने छह प्रतिशत ब्याज दर और ढाई लाख रुपये की सब्सिडी का आश्वासन दिया था।

पीड़ित का कहना है कि अब तक वह दो लाख 70 हजार रुपये जमा कर चुके हैं। जब वह शेष राशि जमा करने पहुंचे तो पता चला कि लोन पर 6 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत ब्याज जोड़ा गया है। साथ ही वादा की गई ढाई लाख रुपये की सब्सिडी भी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पांच लाख के लोन में से उन्हें केवल चार लाख 50 हजार रुपये ही दिए गए, जबकि 50 हजार रुपये कागजात व बीमा के नाम पर काट लिए गए। मामले में पीड़ित ने हरदोई के पुलिस अधीक्षक व बिलग्राम कोतवाली में तहरीर देकर जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चार फरवरी को उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है।


शिकायती पत्र के साथ पीड़ित।

- 6 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत ब्याज, सब्सिडी भी नहीं मिली

# आशनाई में हुई थी अधेड़ की हत्या, मां-बेटा गिरफ्तार

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** पुलिस ने मां-बेटे को गिरफ्तार कर गांव के किनारे छप्पर के नीचे सो रहे अधेड़ की हत्या का खुलासा करने का दावा किया है,पुलिस से हुई पूछताछ में सामने आया है कि गांव के एक युवक ने अपनी मां को अधेड़ के साथ उसकी चारपाई पर बैठे हुए देख लिया था, उसी बौखलाहट में उसने सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी और दोनों मां-बेटे शव के ऊपर रज़ाई ओढ़ा कर वहां से भाग निकले।

बताते चलें कि बुधवार की सुबह सण्डीला कोतवाली के मीतो गांव निवासी रंजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके पिता हुकुम सिंह मंगलवार की रात गांव के किनारे पड़े अपने छप्पर में सोने गए हुए थे। अगले दिन बुधवार की सुबह उनका शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने मीडिया को बताया कि पुलिस की छानबीन में उसी गांव निवासी अमन पुत्र रामकुमार का नाम आया, हिरासत में लिए गए अमन ने पूछताछ में बताया कि हुकुम सिंह के साथ उसकी मां का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मंगलवार की रात गांव के किनारे पहुंचा, जहां छप्पर के नीचे हुकुम सिंह उसकी मां जमुना देवी के साथ चारपाई पर बैठा था। इतना देखते ही वह बौखला उठा और उसने हुकुम सिंह के सिर पर ईंट मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद अमन और उसकी मां जमुना देवी शव के ऊपर रज़ाई ओढ़ाकर वहां से भाग निकले। एएसपी पूर्वी ने खुलासा करने वाली सण्डीला पुलिस और एसएचओ विद्यासागर पाल की पीठ थपथपाई।



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम।

### पीआरबी डायल 112 के जवान बने उपनिरीक्षक

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** जनपद हरदोई के बिलग्राम क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबिल वीरेंद्र कुमार सोनकर को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध गौतम ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वीरेंद्र कुमार सोनकर वर्तमान में डायल 112 की पीआरबी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, आमजन की सहायता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है कि उन्हें यह पदोन्नति प्राप्त हुई। सहकर्मियों ने इसे उनकी लगन और समर्पण की पहचान बताया।


हेड कांस्टेबल को स्टार लगाकर सम्मानित करते एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम। अमृत विचार

### बिलग्राम कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** आगामी त्योहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को बिलग्राम कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से कहा कि त्योहारों को लोग आपसी समन्वय और सहयोग से इन्हें मनाएं।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर नपा के सैकड़ों सफाई कर्मचारी

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** आउटसोर्सिंग की तीन फर्में ब्लैक लिस्टेड करने के बाद होली जैसे पर्व के नजदीक आने पर आउटसोर्सिंग में लगे सफाई कर्मचारियों का वेतन रुक गया है जिससे सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है। अधिशासी अधिकारी से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर नाराज सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी। इस हड़ताल में संविदा सफाई कर्मचारी भी शामिल हो गए हैं।

आरोप है कि इन फर्मों ने मनमाने ढंग से आउटसोर्सिंग के अंतर्गत कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। अधिशासी अधिकारी आरके सोनकर ने बताया कि फर्में तत्काल ब्लैकलिस्टेड करने के लिए उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा बोला गया था तो उन्होंने फर्मों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया। इसी वजह से आउटसोर्सिंग में लगे सफाई कर्मचारियों का वेतन रुक गया। व्यवस्थाएं की जा रही है और जल्द ही सफाई कर्मचारियों का वेतन मिल जाएगा। दूसरी ओर वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। आउटसोर्सिंग के अंतर्गत 300 कर्मचारी लगे हुए हैं इन कर्मचारियों के समर्थन में संविदा सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे हैं 88 कर्मचारी भी शामिल हो गए हैं। यानि 388 सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। एक दिन में ही सफाई न होने की वजह से जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य हो गया है। कूड़ा कचरा सड़ने लगा है जिससे नागरिकों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारी संघ के नेता संजय वाल्मीकि ने बताया शनिवार को समस्त सफाई कर्मचारी अंबेडकर पार्क में सुबह 9 बजे एकत्रित होंगे और आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया सोमवार को हड़ताली सफाई कर्मचारी नगर के प्रमुख मार्गों पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**आयोजन** — अस्तित्व फाउंडेशन का 5 वां स्थापना वर्ष

# राधा नाम संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** अस्तित्व फाउंडेशन के 5वें स्थापना वर्ष पर गुरुवार को मंगलीपुरवा, रेलवंगंज में 'राधा नाम संकीर्तन' का भव्य आयोजन किया गया। इस बीच श्री राधा-कृष्ण की दिव्य मूर्ति के आगमन के साथ भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत वातावरण साकार हुआ। दोपहर से शाम तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चे की अध्यक्ष अलका आशुतोष गुप्ता व विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा और डा. चित्रा मिश्रा मौजूद रहीं। इसके अलावा बहादुर बेटियां फाउंडेशन की कुसुम लता गुप्ता, जयभोले सेवा समिति की पूजा गुप्ता, महिला मोर्चे की नगर मंत्री सुषमा गुप्ता और उपाध्यक्ष मधु गुप्ता की मौजूदगी रही। संपूर्ण कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें राधा नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। अतिथियों ने अस्तित्व फाउंडेशन के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता और उपाध्यक्ष लक्ष्मी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। फाउंडेशन परिवार ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।


5वें स्थापना वर्ष पर राधा नाम संकीर्तन में मौजूद महिला श्रद्धालु।

### महिला से हुई मारपीट थाने में दी गई तहरीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलियापुर में बच्चों के आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया और मामला महिला से मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित शीतल देवी पत्नी परसोत्तम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि नौ फरवरी की शाम बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर जब वह शिकायत करने संबंधित पक्ष के पास पहुंचीं, तभी गांव के विपक्षियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता का कहना है कि विवाद सुलझाने की बजाय आरोपितों ने अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें पीटा, जिससे वह घायल हो गईं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब बंदियों के मुकदमे की निःशुल्क पैरवी करेगा प्राधिकरण : काव्या सिंह

**संवाददाता, हरदोई,**

**अमृत विचार।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। बंदियों के अधिकार, प्ली-बारगेनिंग के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश काव्या सिंह द्वारा बंदियो के अधिकार व प्ली-बारगेनिंग विषय पर विस्तृत रूप से बंदियो को जानकारी देते हुए उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात न्यायाधीश ने बताया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नहीं कर पा रहे है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की निःशुल्क पैरवी हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अमन कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अनीश यादव, अमर कुमार सिंह, नरेश चन्द्र, सुखलाल लीगल एड डिफेंस काउंसिल अजय त्रिपाठी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।


बंदियों से जानकारी लेती प्राधिकरण सचिव काव्य सिंह। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सुलह-समझौते से फिर बसे तीन परिवारों के घर

**सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने स्थानीय मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं और आपसी सहमति से बिछड़े परिवारों को मिलाने में सफलता मिली। निरीक्षण के दौरान सचिव ने उपस्थित वादकारियों से सीधा संवाद किया। मौके पर मौजूद पांच पति-पत्नी के जोड़ों की काउंसलिंग की गई, जिनमें से तीन जोड़ों ने आपसी मतभेद भुलाकर पुन: साथ रहने का निर्णय लिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**बिसवां।** रेउसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेदूदू पुरवा चंद्रसेनी गांव में शुक्रवार दोपहर एक विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआएना किया। रेउसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेदूदू पुरवा चंद्रसेनी गांव में सुरजाना उर्फ अर्चना (22) पत्नी ओमकार घर पर थी। इसी के बाद उसे मरणासन्ना अवस्था में सीएचसी रेउसा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता पुत्तीलाल ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पिता का आरोप है कि तीन साल पहले हुई शादी के बाद से ही उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने पति ओमकार और ससुर मथुरा समेत छह लोगों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी।

### सात निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**सीतापुर।** जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सात निरीक्षकों के स्थानांतरण की सूची जारी की है। इस फेरबदल के तहत विभिन्न थानों में निरीक्षक अपराध के पदों पर नवीन तैनातियां की गई हैं। स्थानांतरण के क्रम में सुरेश कुमार पटेल को अपराध शाखा से थाना लहरपुर भेजा गया है। साबिर अली अब लहरपुर से थाना खैराबाद की जिम्मेदारी संभालेंगे। माबूद रजा को खैराबाद से कोतवाली देहात स्थानांतरित किया गया है। शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को रामकोट से तालगांव भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, पुलिस लाइन्स से संतोष कुमार सिंह को कमलापुर और राजेश कुमार को महमूदाबाद भेजा गया है, जबकि सुनीत कुमार मानपुर से पिसावां के नए निरीक्षक अपराध होंगे।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता के निधन पर शोक सभा

**बिसवां।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंप कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रयाग नारायण मिश्रा 'हरु' के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में नगर अध्यक्ष अमरनाथ मेहरोत्रा, महासचिव प्रदेश कांग्रेस आरटीआई रजनीश कुमार मिश्र, करीम अंसारी, सुशील शुक्ला, अरुण नाथ सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए गांव में पहुंचा प्रचार वाहन

**लहरपुर।** शासन के आदेशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम जीता मऊ, शेरपुर अकबरपुर, मानपुर और रूढ़ा भवनाथपुर में प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, खतौनी (भूमि अभिलेख), बैंक पासबुक, सक्रिय मोबाइल नंबर आदि दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। इस मौके पर सुधीर कुमार, आनंद सिंह, आलोक वर्मा, उदित कुमार और विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### पारिवारिक कलह में युवक ने दी जान

**बिसवां।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची है। परिजनों के अनुसार, अशरफपुर निवासी विजय (30) पुत्र मिश्रीलाल का पिछले कुछ समय से पत्नी से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी तनाव के चलते युवक ने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने शव फंदे से लटकता देखा, तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद से जुड़ा तनाव लग रहा है। फिलहाल मामले की विधिक कार्रवाई और जांच जारी है।

# हेलो! मैं केके बोल रहा हूं डील पक्की

## सीतापुर शहर के भीतर से लेकर दिल्ली हाईवे तक डेरा जमाए हैं शातिर गैंग

अमृत विचार EXCLUSIVE


जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार :** सीतापुर में प्रापर्टी का खेल इन दिनों केके गैंग की डील पर टिक सा गया है। डील ऐसी कि 24 कैरेट का सोना भी कुंद समझो, फोन पर बातचीत के साथ गैंग लीडर करोड़ों के चेक बनाने में भी गुरेज नहीं करता। आलम ये है कि सीतापुर शहर और आसपास की प्रापर्टियों में केके के फोन का आना ही इन दिनों काफी माना जा रहा है।

सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री की तथाकथित डील के बाद केके गैंग ने एक और डील कर डाली। जो नानकारी जाने वाले रास्ते पर है। यहां भी केके के फोन के बाद ही जमीन के कर्ता धर्ता ने बिना किसी शंका और पूछताछ के लंबा- चौड़ा एग्रीमेंट कर डाला। फिर कसौटी को खरा करने में हाथों- हाथ लंबी रकम की चेक भी थमा डाली, इसी के बाद कागजों को दुरुस्त कराने का कार्य आरंभ हुआ। सूत्रों की मानें तो जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की सख्ती के चलते गैंग लीडर हाल-फिलहाल कागजी खेल को पूरा नहीं कर सका है। लेकिन गैंग लीडर ने डील करने वाले लोगों को सब-कुछ ठीक करने में दस मार्च का आश्वासन दे दिया है। उधर, इन्हीं खुलती परतों के बीच डीएम ने एडीएम नीतीश कुमार सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डे को खास निर्देश दे दिए हैं।



प्लाईवुड फैक्ट्री परिसर में लगे कीमती पेड़। अमृत विचार




केके का हस्ताक्षर युक्त चेक।

### केके गैंग ने हस्ताक्षर कर पक्की की करोड़ों की डील

#### प्लाईवुड फैक्ट्री की लकड़ी-ईंटों की डील!

प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी ईंटों और लकड़ी बेशकीमती लकड़ी की भी तथाकथित डील हो जाना सामने आया है। बताते हैं कि फैक्ट्री में बड़ी संख्या में लगीं ईंट वर्ष 1940 के पहले की हैं, जो बेशकीमती बताई जा रही हैं। वहीं परिसर के भीतर लगे नीम, लिपटिस, इमली आदि के पेड़ भी वरसों पुराने हैं। इनकी कीमत एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इन्हीं सबको लेकर खैराबाद के एक ठेकेदार ने केके को पचास लाख दिये हैं।

#### परिवार बोले– प्रशासन ले जिम्मेदारी तभी होगा परिवार का भला

फैक्ट्री में कार्यरत रह चुके कर्मी के परिवारीजन अरशद, पप्पू, एजाज आदि का कहना है कि बड़ी संख्या में ऐसे भी कर्मी परिवार हैं, जिनको पगार के साथ मुआवजा नहीं मिला हैं। कॉलोनी वासियों का दावा है कि अगर प्रशासन इसमें हस्तक्षेप करे तो निश्चित तौर पर उन्हें राहत मिल सकती है।

#### इन स्थानों पर स्थित प्रापर्टी में शामिल है केके गैंग

सीतापुर शहर में ट्रांसपोर्ट चौराहे से लोहारबाग जाने वाले मार्ग पर, नानकारी मार्ग पर, सीतापुर–लखीमपुर मार्ग पर, सीतापुर–मिश्रिख मार्ग पर, खैराबाद स्थित टोल प्लाजा मार्ग पर आदि।

### दहेज हत्या के दोषी को 10 साल की जेल

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते 'ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ने दहेज हत्या के एक पुराने मामले में अभियुक्त को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, थाना बिसवां से संबंधित वर्ष 2008 के एक मामले में पुलिस और अभियोजन पक्ष ने मजबूती से साक्ष्य पेश किए। परिणामस्वरुप, न्यायालय ने आरोपी आनंद कुमार शुक्ला निवासी ग्राम जिगनी, बस्ती को दोषी पाते हुए दस वर्ष की जेल और चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा: डीएम

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने तहसील लहरपुर क्षेत्र में करीब 3 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से बन रहे क्षेत्राधिकारी कार्यालय और पुलिसकर्मियों के आवासीय भवनों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता का स्थलीय जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था से विस्तृत जानकारी ली।

डीएम ने कहा कि सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप ही कराए जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा हो, ताकि भवनों का उपयोग शीघ्र शुरू किया जा सके। निरीक्षण के दौरान इंटरलॉकिंग, सीसी रोड और सेफ्टी टैंक के निर्माण को भी परखा गया।



निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आंकलन करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### अधिवक्ता की हत्या के विरोध वकीलों ने किया बहिष्कार

**लहरपुर।** रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में शुक्रवार को लहरपुर बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहकर रोष व्यक्त किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा और महामंत्री कृपा शंकर पांडे के आवाहन पर बार भवन में एक शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर सुमन देवी, प्रमोद बाजपेई, जवाहरलाल मिश्रा, बालकृष्ण वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, रमेश चंद्र समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 30 साल बाद खिलेगी घुमंतू परिवारों की बगिया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** तीन दशकों के बाद बंजारा परिवार की तस्वीर बदल गई। डीएम के सार्थक प्रयास से 100 परिवार को सिर छुपाने की जगह मिली, साथ ही शासन की तमाम योजनाएं भी इनकी झोली में आसानी से पहुंच सकी।

ये सबकुछ तब हुआ, जब सड़क किनारे पेट की जुगत संघर्ष कर रहे घुमंतू परिवारों पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की नजर पड़ी। डीएम के आदेश के बाद सरकारी महकमा हरकत में आया। आनन-फानन में खाका तैयार हुआ। शुक्रवार को तहसीलदार मनीष त्रिपाठी की मौजूदगी में परिवारों को उनके आवंटित प्लॉटों पर कब्जा दिलाया। एक-एक त्रिपाल मिला, ताकि वे अस्थाई झोपड़ी बना सकें। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में विस्थापन सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था के लिए सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे, एसडीएम आकांक्षा गौतम, सीओ सदर नेहा त्रिपाठी, सीओ लहरपुर आलोक कुमार और ईओ अनूप राय समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।



आशियाना तैयार करते घुमंतू बंजारा परिवार। अमृत विचार

- जिलाधिकारी के निर्देशन में टाउनशिप में बंजारा परिवार को मिला ठिकाना

#### परिवार बोला- डीएम के प्रयास से बच्चों का सुरक्षित होगा भविष्य

बरसों से सड़क की धूल फांकने वाले अब अपनी ही जमीन और उस पर बनी छत के नीचे रह सकेंगे। लोहिया चन्द्र कहते हैं कि डीएम की मदद से अब बारिश और सर्द मौसम में आशियाना तलाशना नहीं पड़ेगा। राजा बाबू बोले कि योजनाओं का जो लाभ मिलने वाला है वो निश्चित रूप से बच्चों का भविष्य सुधारेगा। राकेश, बबलू, संदीप आदि त्रिपाल से आशियाना बनाते नजर आए।

## साजिश रचने वाले चाचा-भतीजे समेत 8 गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें सबसे सनसनीखेज मामला कोतवाली देहात का है, जहां अपने विरोधियों को फंसाने के लिए खुद के अपहरण और हत्या की झूठी साजिश रचने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने बेनकाब कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

कोतवाली देहात पुलिस ने शाहमहोली निवासी इस्लाम और उसके भतीजे तहसीम को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने बीती 11 फरवरी को पगरोई मोड़ नहर पुलिया के पास अपनी कार छोड़कर और उसमें खून फैलाकर खुद के अपहरण व हत्या का नाटक रचा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गांव के प्रधान प्रतिनिधि से पुरानी दुश्मनी के चलते उन्होंने उसे झूठे केस में फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। आरोपी इस्लाम पर पहले से भी करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। उधर, बिसवां पुलिस ने पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी मनदीप कुमार को गिरफ्तार किया। तालगांव पुलिस टीम ने दो वारंटियों चेतई और कल्लू को गिरफ्तार किया। थानगांव से वारंटी दीपू और लालाराम को पुलिस ने हिरासत में लिया। पिसावां में काफी समय से फरार चल रहे वारंटी श्रवण कुमार की भी गिरफ्तारी हुई।

#### ग्यारह वांछित व वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 11 वांछितों और वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के आदेशानुसार में यह कार्रवाई विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा की गई। सबसे अधिक पांच वारंटियों विजय कुमार, विपीन, भागीरथ, गयादीन और विवेश्वर को गिरफ्तार किया। दहेज अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में वांछित तीन आरोपियों मंदीप, श्रीप्रकाश और सरोजनी को गिरफ्तार किया। खैराबाद, मानपुर व सदरपुर पुलिस ने इन तीनों थानों ने एक-एक वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।



कार्यकर्ताओं को सम्मानित करतीं सपा नेत्री।

### सपा नेत्री रेनू यादव ने गांवों में किया जनसंपर्क

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की नेत्री रेनू यादव ने शुक्रवार को बिसवां विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं सुनीं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर संगठन में जोश भरा। दौरे की शुरुआत ग्राम बखरियां से हुई, जहां रेनू यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव व अजय यादव के साथ सेक्टर प्रभारी आरिफ खान के आवास पर बृजलाल सिंह यादव और आरिफ खान को शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महेश प्रसाद यादव, किशोरी लाल मौर्य और शिवकुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

## 56 अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट पुलिस की चौबीस घंटे निगरानी

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस वर्ष में अब तक विभिन्न थाना क्षेत्रों के 56 कुख्यात अपराधियों को चिह्नित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है।


पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन सभी अपराधियों का इतिहास बेहद गंभीर है। इनमें लूट, चोरी, नकबजनी, मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध शस्त्र रखने जैसे संगीन मामलों के आरोपी शामिल हैं। सभी संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन हिस्ट्रीशीटर्स की गतिविधियों पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जाए। रेउसा थाने से सर्वाधिक 11, मानपुर से सात, कमलापुर से सात और रामकोट व हरगांव से पांच- पांच अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसके अलावा महमूदाबाद, मिश्रित, बिसवां और पिसावां सहित अन्य थानों में भी सूची तैयार कर कार्रवाई की गई है।

> जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। –अंकुर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक

## महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता



नगर के मुख्य मार्ग पर सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व में जुलूस निकालते कांग्रेसी।



बड़ा गांव में चौपाल लगाकर कांग्रेस की उपलब्धियां गिनाती जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा।

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंट अधिनियम के संशोधन को लेकर हुआ विरोध प्रदर्शन
- सांसद सीतापुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से राष्ट्रपिता का नाम हटाए जाने के कथित प्रस्ताव के खिलाफ जनपद में विरोध की लहर दौड़ गई है। गुरुवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर और जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन और पदयात्राओं के जरिए सरकार के प्रति आक्रोश जताया गया।

#### सम्मान और अधिकारों की लड़ाई : राकेश

सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों मजदूरों ने प्रदर्शन कर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। इससे गांधी जी का नाम हटाना उनके श्रम और 'ग्राम स्वराज' के सिद्धांतों का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिनियम की मूल भावना से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### पदयात्रा और मनरेगा चौपाल

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' के तहत सादीपुर से गांधी प्रतिमा तक पदयात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि व ऑब्जर्वर अनामिका यादव और जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने बड़गाँव में आयोजित चौपाल में कहा कि मनरेगा से गांव की आत्मा जुड़ी है। कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 400 रुपये करने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, राजेश सिंह तोमर, दानिश नकवी, संजीव नाथ गुप्ता मौजूद रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र और अतिथिगण। अमृत विचार

### रेडिको खेतान ने बच्चों के लिए आयोजित कीं खेल प्रतियोगिताएं

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** स्थानीय कंदुनी क्रिकेट स्टेडियम में रेडिको खेतान लिमिटेड बिसवां इकाई द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत दौड़ेंगे हम दुनिया देखेगी दम थीम पर एक भव्य खेलकूद व मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय कंदुनी, जगदीशपुर, कौरासा और उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कंदुनी के बच्चों के बीच पचास व सौ मीटर दौड़ सहित कई रोचक खेल हुए। विजेताओं को साइकिल, एजुकेशन किट और अन्य आकर्षक उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर प्रमुख अनीता चौहान ने की और मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शरद चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय गोस्वामी और प्रबंधन विशाल शर्मा की टीम द्वारा किया गया।

## अवैध कब्जों को चिह्नित कर चले बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- राजस्व कार्यों और जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा, भूमि खाली कराने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों और जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व नियमों के तहत कार्रवाई कर भूमि खाली कराई जाए और वहां सरकारी संपत्ति का बोर्ड लगाया जाए।

शारदा और घाघरा नदी पर तटबंध निर्माण के लिए सिंचाई विभाग और एसडीएम को संयुक्त कार्ययोजना जल्द पेश करने को कहा। राजस्व न्यायालयों का नियमित संचालन कर पुराने लंबित वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। बड़े बकायेदारों से आरसी वसूली में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को देखते हुए आबकारी और खाद्य सुरक्षा विभाग को सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम सहित सभी एसडीएम मौजूद रहे।

#### कन्या सुमंगला योजना के आवेदन पर जोर

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना और कन्या सुमंगला योजना के आवेदनों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता से मधुर व्यवहार करें और शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर फीडबैक के साथ होना चाहिए।

### गोवर्धन पूजा के वर्णन से भावविभोर हुए श्रद्धालु



कथा वाचक पं. अखिलेश महाराज

**लहरपुर।** अनाम ज्योति आश्रम वाटिका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित अखिलेश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहर बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास ने पूतना वध और गोवर्धन पूजा के प्रसंग को विस्तार से सुनाते हुए बताया कि जब इंद्र के कोप से ब्रजवासी भारी वर्षा से परेशान थे, तब भगवान कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सबकी रक्षा की थी। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजकोट (गुजरात) के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अतुल पांड्या व डॉ. दर्शना पांड्या सहित सतीश चौहान, मायाबेन, दिलीप भाई त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### घर से बिछड़े दो मासूमों को 4 किमी दूर से खोजा

**संवाददाता, सीतापुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के मानवीय चेहरे और तत्परता की एक मिसाल थाना अटरिया क्षेत्र में देखने को मिली। पुलिस ने घर के सामने से खेलते समय लापता हुए दो मासूम बच्चों को चंद घंटों के भीतर सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। अटरिया थानाक्षेत्र के बहादुरपुर गांव के निवासी अजय अवस्थी के मुताबिक उनका पुत्र धनराज (4) और महेंद्र अवस्थी की बच्ची काव्या गुरुवार को घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गए थे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशों पर कार्य करते हुए प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थानीय नागरिकों की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने दोनों बच्चों को गांव से करीब चार किलोमीटर दूर मऊ रेलवे क्रासिंग के पास से सकुशल बरामद कर लिया। टीम में निरीक्षक अपराध दिनेश यादव सहित कांस्टेबल संजय, सोनू, विक्रम और यशपाल मुख्य रूप से शामिल रहे।



बरामद बच्चों के साथ परिवारीजन व अटरिया पुलिस।

### मालगाड़ी की चपेट में आई महिला, मौत

**बिसवां।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ईदगाहपुरवा नई बस्ती में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बकरियां चरा रही अनवरी (55) पत्नी कमरुद्दीन की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, अनवरी रेलवे क्रॉसिंग के पास बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान गोंडा से सीतापुर की ओर मालगाड़ी आ गई। कुछ बकरियों को पटरी पर देख उन्हें बचाने के प्रयास में अनवरी ट्रैक के बेहद करीब चली गईं और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गईं। सूचना पर पहुंची बिसवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की।

### वैन ने बाइक सवार दो साधुओं को मारी टक्कर

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के नहर चौराहे के पास तेज रफ्तार वैन ने बाइक सवार दो साधुओं को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक साधु गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों साधु कन्नौज से नैमिषारण्य दर्शन के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। घायलों की पहचान गौरत्वनाथ और दिनेश के रूप में हुई है।

न्यूज ब्रीफ

### शॉर्ट सर्किट से जियो के मोबाइल टॉवर में लगी आग, हड़कंप

**खीरों, रायबरेली।** खीरों क्षेत्र के गांव उदवतखेड़ा मजरे जेरी में लगे जियो के मोबाइल टावर में गुरुवार की रात अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे टावर में लगे सभी उपकरण जलकर नष्ट हो गए। इसी दौरान उपकरणों में विस्फोट होने से कुछ हिस्से गांव में एक ग्रामीण की टीन शेड पर गिरे। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गुरुवार की रात से ही गांव उदवतखेड़ा, जेरी, रामपुर, शिवपुरी, पृथ्वीखेड़ा, कलुआखेड़ा, दृगपालगंज, ऐन्धी, चड़ौली, बेहटा सातनपुर आदि कई गांवों की संचार व्यवस्था ठप हो गई। ग्रामीणों ने कम्पनी के अधिकारियों से टावर की मरम्मत कराकर शीघ्र संचार व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### घर से लाखों के जेवर चोरी, जांच शुरू

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के भगतखेड़ा गांव में गुरुवार की रात चोरों ने एक शादी वाले घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर से लगभग ढाई लाख रुपये के आभूषण पार कर दिया। मजदूर पीड़ित राजू रावत पुत्र रामकुमार रावत अपने परिवार के साथ बेटी की शादी की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच रात के समय चोरों ने घर में घुसकर रखे लगभग ढाई लाख के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

# जेल रोड पर सियासत, विधायक और चेयरमैन आए आमने-सामने


## तीन साल से बदहाल पड़े जेल रोड की बदलेगी सूरत, पीडब्ल्यूडी को मिली जिम्मेदारी

संवाददाता, रायबरेली



बदहाल जेल रोड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब तीन साल से धूल फांक रहे जेल रोड के बाशिंदों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। शासन की ओर से पीडब्ल्यूडी को निर्देशित कर दिया गया है। इसके साथ ही जेल रोड को लेकर सियासत का बाजार भी गर्म हो गया है। एक ओर जहां सदर से भाजपा अदिति सिंह ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए जेल रोड के मरम्मत को लेकर श्रेय लिया है। साथ ही जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस से नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने इसका श्रेय सांसद राहुल गांधी को दिया है। इन सबके बीच आम जनमानस यह सोचकर खुश है कि कम से कम इस बदहाल सड़क की सूरत तो बदल जाएगी। गड्ढों के साथ धूल के गुबार से छुटकारा मिल जाएगा। शहर का जेल रोड काफी व्यस्ततम इलाका है। पुलिस लाइन चौराहा से मामा चौराहा होते हुए लखनऊ-प्रयागराज हाईवे को जोड़ने वाली जेल रोड पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, जिला कारागार, जल निगम कार्यालय, सीएमओ आफिस समेत आधा दर्जन सरकारी दफ्तर हैं। वहीं 20 से 25 निजी अस्पताल और नर्सिंग होम हैं। सबसे खास बात यह है कि इसी मार्ग से होकर बड़े वाहन भी दिन-रात गुजरते हैं। सीवर लाइन डालने के लिए करीब तीन साल पहले सड़क को खोद दिया गया था। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने बीच-बीच में आधा अधूरा मरम्मत करके छोड़ दिया। सड़क के निर्माण को लेकर कई बार आवाज उठाई गई। इस पर पालिका ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि इसमें खर्च होने वाला बजट उनके पास नहीं है। इस दौरान आपसी खींचतान का दंश इस मार्ग पर रहने वाले लोग झेलते रहे। जैसे -तैसे जेल रोड को पालिका से पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित करने की सहमति बनी। देखते-देखते ढाई साल बीत गए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया। जिलाधिकारी ने भी सड़क को लेकर शासन को पत्र भेजा। इन सबके बीच राजनीति भी बीच-बीच में खूब होती रही। अब जब शासन से स्पष्ट हो गया है कि इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी ही कराएगा। इन सबके बीच यदि कुछ हुआ है तो सियासत, जो कि फिर से गर्म हो गया है। हालांकि जनता को अपने भले से मतलब है। वहीं सियासतदार जरूर श्रेय लेने में लगे हुए हैं।



> मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में जनसुविधाओं का विस्तार निरंतर गति पकड़ रहा है। पुलिस लाइन चौराहा से मामा चौराहा ओवर ब्रिज, जेल रोड करीब 2.350 किमी मार्ग के स्वामित्व का हस्तांतरण नगर पालिका परिषद से लोक निर्माण विभाग को कराए जाने की स्वीकृति सतत प्रयासों से संभव हुई। शासन के निर्णय से क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिलेगी।
> –अदिति सिंह, सदर विधायक



> जेल रोड का सही मायने में यदि किसी को श्रेय जाता है तो हमारे सांसद राहुल गांधी को। इस मार्ग पर शहर का काफी ट्रैफिक रहता है। आम जनमानस की समस्या को लेकर सांसद राहुल गांधी जी से चर्चा की थी। इस पर उनके द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। शहर की बेहतरी के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेगा।
> –शत्रोहन सोनकर, नगर पालिका अध्यक्ष

# ऊंचाहार परियोजना का मना स्थापना दिवस

ऊंचाहार, रायबरेली



ऊंचाहार परियोजना के अधिग्रहण दिवस पर केक काटते एनटीपीसी के अधिकारी।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना का स्थापना दिवस उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आशुतोष बिस्वास ने एनटीपीसी ध्वज फहराया तथा केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

महाप्रबंधक दिलीप कुमार साहू, एसयू हरिदास तथा सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की पदाधिकारी महिलाएं तथा सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय त्रिपाठी एवं अन्य विशिष्ट अतिथि भी केक काटने तथा गुब्बारों की उड़ान कार्यक्रम में शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित फिरोज गांधी ऊंचाहार परियोजना को एनटीपीसी ने 13 फरवरी 1992 को राज्य सरकार से अधिग्रहित किया था। एनटीपीसी की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के फलस्वरूप आज ऊंचाहार परियोजना ने न केवल एनटीपीसी, बल्कि देश के सम्पूर्ण विद्युत क्षेत्र में एक मॉडल विद्युत गृह के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। समारोह को सफल बनाने हेतु मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेवादा चौराहे के पास शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राम प्यारे (58) पुत्र सूर्यपाल निवासी दौलतपुर अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नेवादा चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राम प्यारे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी के चिकित्सक लईक अहमद ने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर हालत में लाया गया था, जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत कराते बीईओ। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज पर ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में संचालित ऑपरेशन कायाकल्प व निपुण भारत मिशन के संबंध में जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को प्रणवीर प्रताप सिंह एडीओ पंचायत लालगंज, ग्राम प्रधान अखिलेश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा, डॉ. आशीष पटेल एआरपी, संजय सिंह, पन्नालाल, महेंद्र यादव ने संबोधित किया। कार्यशाला में आशीष मिश्रा, अश्विनी कुमार सिंह ने कविता का वाचन किया। इस मौके पर शशि सिंह, अंकिता सिंह, वंदना शुक्ला, ममता शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन आशीष प्रताप सिंह ने किया।

### कॉलेज में विदाई समारोह हुआ आयोजित



समारोह में मुख्य अतिथि के साथ मौजूद बच्चे। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के खेरवा गांव स्थित सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी व पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह रहे। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का भविष्य है। छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक योगिता सिंह ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर दयाशंकर अवस्थी, राकेश पांडेय, कृपा शंकर शर्मा, अमरीश, हरिओम तिवारी, आरती, कृपाशंकर शर्मा, मनीष दीक्षित, सुनीता, शांति, प्रखर शुक्ला आदि मौजूद रहे।



एमडीएम शेड व स्मार्ट क्लासेज का लोकार्पण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

### डीएम ने किया स्मार्ट क्लासेज का लोकार्पण

**अमावा, रायबरेली।** शुक्रवार को बहादुर नगर गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डीएम हर्षिता माथुर रहीं। डीएम ने एमडीएम शेड व स्मार्ट क्लासेज का लोकार्पण किया। चौपाल में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन आदि ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। डीएम ने एक प्रतिभावान छात्रा को साइकिल व चॉकलेट, किसानों को पंपिंग सेट वितरित किया। चौपाल में लोगों ने बिजली व उसके गड़बड़ बिलों की समस्याओं से अवगत कराया। चौपाल में बीएसए राहुल सिंह, डीडीओ, पीडी, डीसी मनरेगा, बीडीओ संदीप सिंह, एडीओ पंचायत महेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ सहकारिता राजन सिंह, सीएचसी अधीक्षक रोहित कटियार, बीईओ ऋचा सिंह, खण्ड प्रेरक सरद चंद्र तिवारी, राजकुमार, संदीप, संतोष सिंह की मौजूदगी रही।

## पुलिस अधीक्षक से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**डीह, रायबरेली।** व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार से मिला। इस दौरान डीह व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरी, संरक्षक रामेश्वर यादव, उपाध्यक्ष विपिन यादव ने बुके देकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही मिलावटखोरों को चिन्हित कर सूचना देने की बात कही। एसपी ने कहा यदि हुड़दंगई करते हुए कोई पाया गया तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमारी प्रथम वरीयता शांति व्यवस्था बनाए रखना है और लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका ध्यान रखना है।

# 63 हजार वोटरों पर खतरा, नोटिस से खलबली

**सलोन, रायबरेली।** एसआईआर अभियान में तहसील सलोन विधानसभा क्षेत्र के 63 हजार 836 मतदाता सूची से बाहर हो चुके हैं। अभी नो मैंपिग और डिस्क्रपेन्सी(टुटी) मतदाताओं पर अनमैप्ड व विसंगति का खतरा मंडरा रहा है। एक माह से नोटिस पर हो रही सुनवाई में अभी तक केवल 30 फीसदी ही मतदाता अपने अभिलेख दे सके हैं। हालांकि फरवरी माह तक ही सुनवाई की जाएगी। इस पर भी प्रशासन ने 13 सुनवाई स्थल बनाए है, ताकि मतदाता आसानी से जारी हुई नोटिस का स्पष्टीकरण दे सके।

सलोन तहसील में शुरू हुए एसआईआर अभियान के दौरान तीन लाख 61 हजार 274 मतदाता थे। प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में 63 हजार 836 मतदाता सूची से आउट हो गए। इससे 6 जनवरी को आलेख्य प्रकाशन की सूची में करीब दो लाख 97 हजार 438 मतदाताओं के नाम ही शामिल हो सके। इस सूची में मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी। इससे उन्हें निर्वाचन कार्यालय से नोटिस जारी किए गए। जिसमें नाम व आयु में अंतर होने, पिता-पुत्र, बाबा-पौत्र, पति-पत्नी की उम्र में मानक से अधिक अंतर मिलने पर 79 हजार 565 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए। हालांकि इस कार्य में चार सहा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) व अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एएईआरओ) 21 लगाए गए हैं। साथ ही सलोन, डीह, छतोह के तीनो नगर पंचायत, तीनों ब्लाक कार्यालय, खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय और तहसील कार्यालय सहित 13 सुनवाई स्थान बनाये गए है। जिम्मेदार अधिकारी बूथ पर बैठकर नोटिस पर सुनवाई की जा रही है। इस सुनवाई में कई मतदाता अभिलेख पूरे न कर पाने से सूची में फिर शामिल होने के लिए चिंतित नजर आ रहे हैं। छह जनवरी से नोटिस पर चल रही सुनवाई में बमुश्किल 30 प्रतिशत मतदाता ही साक्ष्यों के साथ फार्म जमा कर सके हैं। उपनिर्वाचन अधिकारी व उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि भेजे गए नोटिस पर सुनवाई की तिथि फरवरी तक ही हैं। इससे पहले मतदाता अपने अभिलेख जमा कर सकते हैं।

# वार्षिकोत्सव में सम्मान मिलने पर चहके मेधावी

शिवगढ़, रायबरेली



समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्वोदय आदर्श इंटर कॉलेज कुकहा रामपुर में 30वां दो दिवसीय मानस संत सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। विद्यालय के प्रबंधक जगदंबा प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी और बालिका इंटर कॉलेज विभागाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, शिवकुमार तिवारी, अटेवा महिला महामंत्री संतोषी तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत कराई। छात्राओं ने ग्रुप ड्रांस, नाटक, एकांकी, भाषण, गीत और पुलवामा आतंकी हमले पर झांकी प्रस्तुत कर लोगों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि शिवगढ़ बीईओ अनिल कुमार मिश्रा, अर्जुन सिंह भदौरिया आदि ने मेधावियों को सम्मानित किया। कांग्रेस जिला सचिव गौरव मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष के सार्थक प्रयासों से कुकहा रामपुर शिक्षा का हब बन गया है। कार्यक्रम मेधावी में छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाने के साथ ही क्षेत्र के सभ्रान्त नागरिकों एवं अतिथियों को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अटेवा महिला महामंत्री संतोषी तिवारी ने कहा कि शिक्षा वह विकास की कुंजी है जिससे सफलता के सारे द्वार खुल जाते हैं। मंच संचालन एमएल शास्त्री ने किया। इस मौके पर अरुण शुक्ला, अनुज पाण्डेय, चन्द्र मोहन दीक्षित, रविशंकर बाजपेई, प्रिंसी सिंह, आकांक्षा तिवारी, विनीत मौर्य, संदीप पाण्डेय, आनन्द शुक्ला, राजेंद्र कुमार बाजपेई, जयश्री सैनी आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बलभद्रखेड़ा गांव से दूर खेतों में लगे निजी नलकूप के कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव लटकता मिला। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के बड़े भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलभद्र खेड़ा मजरे कुसण्डी निवासी अरविन्द यादव ने बताया कि उसके पिता रामशंकर यादव सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। गुरुवार की शाम को उसका छोटा भाई मृतक वीरेन्द्र यादव घर से खाना खाकर गांव से लगभग 500 मीटर दूर खेतों में लगे निजी नलकूप पर गया था। इसके बाद शव लटकता मिला। शुक्रवार को सुबह जब मां नन्हादेवी नलकूप पर पहुंची तो कमरे की छत से साड़ी के सहारे वीरेन्द्र यादव का शव लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। कुछ देर में ही घटनास्थल पर ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना से परिजन बेहाल हैं।

### पत्नी से विवाद, अदालत में मामला विचाराधीन

मृतक के भाई अरविन्द यादव ने बताया कि वर्ष 2017 में छोटे भाई की शादी हुई थी। उसकी पत्नी रूबी यादव से कुछ विवाद चल रहा था। जिसके चलते वह अपने मायके मौहार फतेहपुर में रहती थी। दोनों से एक बेटी शांभवी यादव (7) है। विगत लगभग तीन वर्ष से छोटे भाई मृतक वीरेन्द्र यादव का पत्नी रूबी यादव से मुकदमा भी चल रहा था। जो कि न्यायालय में विचाराधीन है।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण आयोजित



ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक व अन्य।

**छतोह, रायबरेली।** खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केन्द्र छतोह में द्वितीय दिवस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दिव्यांग बच्चों को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करने के लिए परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापकों को नोडल टीचर नियुक्त किया गया है और शिक्षक महेश कुमार, मोदनवाल एवं चंद्र प्रकाश द्वारा दिव्यांग बच्चों के शीघ्र पहचान, उनके प्रकार, कारण, लक्षण, रोकथाम हियरिंग ऐड का प्रयोग, सांकेतिक भाषा का प्रयोग आज के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर सैय्यद नफीस हुसैन, अमन वर्मा, अशोक कुमार शर्मा, रितेश साहू, संध्या श्रीवास्तव, कुसुम देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

### उप्रावि में दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में प्रमाण-पत्र के साथ सुगमकर्ता।

**सरेनी, रायबरेली।** बालिका शिक्षा संवर्धन के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मिनाक्षी पांडे, नीता श्रीवास्तव, संगीता ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस मौके पर ब्लॉक नोडल दीपिका बाजपेई, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान सुगमकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर आशीर्वाद दिया गया। सुगमकर्ता प्रशिक्षण में आरती देवी, सुनैना सिंह, पूजा वर्मा, राकेश कुमार द्विवेदी आदि शिक्षक मौजूद रहे।




मनरेगा बचाओ अभियान के तहत पदयात्रा करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

### मनरेगा बचाओ अभियान में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के आवाहन पर ऊंचाहार विधानसभा के चड़रई चौराहे से ऊंचाहार तक मनरेगा बचाव अभियान के तहत एक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह के नेतृत्व में बाबूगंज, सेमरी, मनिपुर भटेहरी सवैया होते हुए ऊंचाहार में समाप्त हुई। प्रदेश सचिव ने कहा कि मनरेगा को बचाने के लिए यह यात्रा आज पूरे प्रदेश भर में निकाली जा रही है इस यात्रा का उद्देश्य है कि मनरेगा योजना को बचाने के लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। विधानसभा प्रभारी प्रमेन्द्र पाल सिंह ने कहा हम सबको पूरी ताकत से मनरेगा की लड़ाई लड़नी है,यह लड़ाई आम जनमानस के सहयोग से ही जीतेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव शिवानंद मौर्या, ब्लाक अध्यक्ष केदार नाथ सिंह, अनिरुद्ध दीक्षित, ज्योति पासी, मोहम्मद हारून, जिला सचिव शैलेन्द्र सिंह, मोहम्मद फारुकी, अनुज सिंह, अजय मौर्य, विनोद मौर्या, मोहम्मद शानू, मोहम्मद अयाज, शैलेन्द्र त्यागी, हनुमान वर्मा, प्रधान मोवीन अंसारी, गणेश प्रताप सिंह रहे।

# महाशिवरात्रि पर सजा बाबा बाल्हेश्वर मंदिर

लालगंज, रायबरेली



बाबा बालेश्वर मंदिर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसिद्ध शिव मंदिर श्री बाल्हेश्वर शिव मंदिर को रंग बिरंगी विद्युत झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। बाबा बाल्हेश्वर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। यह मंदिर लगभग 500-600 वर्ष पुराना है और यहां के शिवलिंग की स्थापना पांडव पुत्र भीम ने की थी। मंदिर के गुंबद पर लगा त्रिशूल सूर्य की गति के सापेक्ष परिवर्तित होता रहता है, जो इसकी विशेषता है। मंदिर और सरोवर की दूसरी ओर भगवान श्री राम का भी भव्य मंदिर है, जहां वह भगवान शेषनाग और लक्ष्मी जी के साथ विराजमान है। मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज और संजू महाराज बताते हैं कि बाबा बाल्हेश्वर के नित्य दर्शन पूजन करने से प्रत्येक श्रद्धालु की मन मांगी मुराद पूरी होती है। श्री जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सुशील पांडे और वरिष्ठ समाजसेवी अनुज अवस्थी के अनुसार बताया जाता है कि मंदिर की स्थापना के बाबत एक गाय मालिक की गाय घर में दूध नहीं देती थी जब मालिक ने गाय के पीछे जाकर देखा तो वह आज जहां बाबा बाल्हेश्वर का शिवलिंग स्थापित है वहीं पर दूध गिरा देती थी, उस स्थान की खुदाई हुई तो भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग दिखाई पड़ा। उस किसान को भगवान शिव ने उसे स्वप्न में आकर शिवलिंग की मौजूदगी का अहसास कराया, जिसके बाद मंदिर का निर्माण हुआ। हालांकि उसके बाद ऐहार के ही तिवारी परिवार के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया। नववर्ष, महाशिवरात्रि और अन्य पवित्र त्योहारों के साथ-साथ सावन माह में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, और यहां के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ बाबा का अभिषेक किया जाता है। कांवरिया भी भारी संख्या में पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में एक सरोवर भी है, जिसमें सब तीर्थों का जल लाकर डाला गया था।

वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजन किया था। मुख्यमंत्री की ही प्रेरणा से वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक राकेश सिंह ने मंदिर के सामने शेड डलवा कर भव्यता प्रदान करने का कार्य किया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्रृंगार समारोह में पूर्व विधायक राकेश सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**रायबरेली, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के नए कार्यालय सेवा तीर्थ के उद्घाटन का भाजपाइयों ने स्वागत किया। भाजपा रायबरेली प्रभारी पीयूष मिश्रा कहा कि एक बड़ा अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नए कार्यालय सेवा तीर्थ के उद्घाटन के अवसर पर कहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ लोगों की सेवा के लिए बनाया गया है। जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी शुक्रवार को अपने नए कार्यालय 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन किया है। यह परिसर दारा शिकोह रोड पर 2.26 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है। 'सेवा तीर्थ' में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित हैं। इस परिसर में सेवा तीर्थ-1, सेवा तीर्थ-2 और सेवा तीर्थ-3 तीन मुख्य इमारते हैं। सेवा तीर्थ-1 में प्रधानमंत्री कार्यालय है, जबकि सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय और सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय है। 'सेवा तीर्थ' का उद्देश्य सरकारी कामकाज को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, भाजपा नेता जेपी सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य शिवेंद्र सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने खुशी जताई है।

# दरखा में सड़क का जीर्णोद्धार न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

## कई बार शिकायत और आश्वासन के बावजूद नहीं बदली तस्वीर

संवाददाता अमेठी


प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत दरखा के पूरे दत्ता एवं दरखा डीह को जोड़ने वाली सड़कों की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। केदार यादव के घर के पास इंटरलॉकिंग मार्ग से बनसत्ती तक लगभग 1100 मीटर लंबी पक्की सड़क तथा राधिका यादव के घर के बगल से वन विभाग होते हुए दरखा डीह तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क विगत तीन वर्षों से जलभराव और कीचड़ की समस्या से ग्रस्त है। ग्रामीणों के अनुसार इन दोनों मार्गों का निर्माण लगभग 7–8 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत निधि से कराया गया था, लेकिन तब से अब तक इनका पुनर्निर्माण या सुदृढ़ीकरण नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। कीचड़ और जलभराव के कारण मार्ग किसी भी प्रकार के वाहन के आवागमन योग्य नहीं रह गया है। आमजन तो दूर, साइकिल से चलना भी मुश्किल हो गया है।

विनोद पांडेय, प्रमोद सोनी, रामहेत पाल, पृथ्वी पाल यादव, सानू मिश्रा, राजदेव तिवारी, कामतानाथ यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम प्रधान, सचिव तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार मिलकर और दूरभाष के माध्यम से भी समस्या से अवगत करा चुके हैं। बरसात से पूर्व भी अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी, जिस पर खंड विकास कार्यालय द्वारा शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों द्वारा दिनांक 20 जून 2025 को रजिस्टर्ड डाक से, 30 जून 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस में तथा 10 अगस्त 2025 को पुनः लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सड़क को कार्ययोजना में शामिल कर निर्माण कराने की मांग की गई थी। बताया गया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन अद्यतन स्थिति में कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इन मार्गों से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान और छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण कृषि कार्य, दैनिक मजदूरी, स्कूल और बाजार जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के उपेक्षापूर्ण रवैये के चलते सड़क को कार्ययोजना में भी शामिल नहीं किया गया, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासी और किसान अपने कृषि एवं दैनिक कार्यों को छोड़कर सड़क निर्माण की मांग को लेकर मार्ग पर ही धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। जनसुनवाई में पूरी दत्त निवासी विनोद पांडे ने जिलाधिकारी से मिलकर सड़क को बनवाए जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने खंड विकास अधिकारी है अमेठी बृजेश सिंह को शीघ्र सड़क बनवाई जाने की बात कही। विनोद पांडे ने बताया की एक वर्ष से ग्रामीण सड़क निर्माण कर जाने की बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से मोह लिया सबका मन

**जायस, अमेठी।** जनपद के विकासखंड संसाधन केंद्र बहादुरपुर में विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक के आदेश के अनुक्रम में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी सदस्यों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ वर्तमान अध्यक्षा क्षेत्र पंचायत चन्द्रकली देवी एवं पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया तथा कस्तूरबा की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत रंगारंग प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ए.आर.पी. सुमित पाण्डेय, गोपाल स्वरूप त्रिपाठी, राजकुमार, वकील अहमद, अमित यादव द्वारा शासन द्वारा चलायी जा रही बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी सदस्यों को अवगत कराया गया। संचालन सुशील कुमार अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में बीईओ बहादुरपुर राकेश कुमार सचान, ग्राम प्रधान रामसेवक, राम किशुन, सतनाम, मुस्तकीम अहमद, उर्मिला देवी सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

# 250 किसानों को किया प्रशिक्षित


कार्यक्रम में मौजूद कृषि विभाग के अधिकारी व किसान। अमृत विचार

**कमरौली, अमेठी।** आत्मा योजना के अंतर्गत जनपद के कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में संग्रामपुर, बहादुरपुर, बाजार शुकुल, जगदीशपुर एवं जामों विकासखंड के 250 किसानों को उन्नत एवं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अमेठी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. रेनू सिंह एवं डॉ. ओ.पी. सिंह सहित कई कृषि वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नवीनतम तकनीकों, उन्नत बीज प्रबंधन, फसल सुरक्षा एवं उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। डॉ. ओ.पी. सिंह ने बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से मृदा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने किसानों को जीवामृत, घन जीवामृत एवं बीजामृत के प्रयोग की विधि बताते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी ने विभागीय योजनाओं, खरपतवार नियंत्रण तथा बदलते मौसम में लगने वाले कीट एवं रोगों के प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन बीटीएम देवमणि त्रिपाठी, राहुल श्रीवास्तव, बीज भंडार प्रभारी अनुपम प्रजापति एवं सुनील कुमार मौर्य की देखरेख में संपन्न हुआ। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे खेती में लाभकारी बताया।

# 400 मीटर दौड़ में सुशील व लंबी कूद में अनामिका का रहा शानदार प्रदर्शन


प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए बच्चे। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तथा पंत स्टेडियम में सम्पन्न व मंडल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर, विकास क्षेत्र भेंटुआ के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में सुशील कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त लंबी कूद प्रतियोगिता में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में अनामिका ने बेहतरीन प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रधानाध्यापक रेनू श्रीवास्तव ने बताया कि नियमित अभ्यास और मार्गदर्शन के बल पर बच्चों ने यह सफलता अर्जित की है। प्रधानाध्यापक ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## श्री श्याम आराधना महोत्सव आज

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के अहियारायपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को होगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजन ऋषि अग्रवाल ने दिया है। उन्होंने बताया कि प्रथम वार्षिकोत्सव पर मंदिर परिसर में श्रीश्याम आराधना महोत्सव आयोजित किया जाएगा। श्रीधाम वृंदावन के नंद किशोर शर्मा नंद भइया व मुजफ्फरपुर के आलोक यश शर्मा भक्ति गीत पेश करेंगे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक गंभीर

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत सीवान निवासी विनोद कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुर मजरे मजरे सीवान में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात है। शुक्रवार की शाम को वह घर से बाइक से निमंत्रण में जा रहे थे। तभी हैदराबाद - महराजगंज हाईवे पर स्थित लाही पेट्रोल पम्प के पार कार ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया। चिकित्साधिकारी डा. तपस त्रिपाठी ने प्राथमिक उपचार किया।

## निकाय संविदा कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत



**ऊंचाहार, रायबरेली।** शुक्रवार को क्षेत्र के रामचंद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय संविदा सफाई कर्मी की मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बाबूगंज मजरे मतरौली गांव निवासी मनोज वाल्मीकि (50) के रूप में हुई है। मनोज ऊंचाहार नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी सियाराम राजपूत ने बताया कि मृतक के बेटे आशीष कुमार ने पुलिस को सूचित किया था कि उनके पिता रात में घर से निकले थे और सुबह उनकी मृत्यु की खबर मिली। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सचिव। अमृत विचार

## ग्राविए के सुभाष चंद्र पांडेय तीसरी बार बने प्रदेश अध्यक्ष

**शुकुल बाजार, अमेठी।** ग्राम विकास एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित होने पर सुभाष चंद्र पांडेय का ब्लॉक सभागार में भव्य स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत सचिवों ने उन्हें फूल–मालाओं से सम्मानित कर खुशी जाहिर की। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने कहा कि साथियों ने उन पर जो विश्वास जताते हुए तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 12 हजार कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संगठन सदैव सक्रिय रहेगा। बीडीओ अंजलि सरोज ने भी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज मिश्र, सुरेश मिश्र, सूरज पटेल, रितिका जायसवाल, कामिनी गिरि, पुनीत राज कौशल, अमरनाथ, राकेश, नीरज, अमित कुशवाहा समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की गयी जान, मचा हड़कंप

**जगतपुर, रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। निमंत्रण से बाइक द्वारा घर लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे मदारदीन कुमेदान मजरे निवासी सुमित कुमार (21) पुत्र छिटई प्रसाद देर रात समारोह से वापस लौट रहे थे। रास्ते में फक्कड़ दास कुटी से लल्ली की चक्की संपर्क मार्ग पर पूरे लाल सिंह पुरवा (मजरे सुदामापुर) के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें सुमित घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने घायल को तुरंत सीएचसी जगतपुर पहुंचाया। सीएचसी के डॉ. लईक अहमद ने बताया कि अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी। गदागंज थाना प्रभारी दया नंद तिवारी ने बताया शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

# भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**मुसाफिरखाना अमेठी।** पूरे सूबेदार मानामदनपुर स्थित लालता प्रसाद पाण्डेय एवं शैल कुमारी पाण्डेय के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर भक्तिमय वातावरण छाया रहा। कथा व्यास आचार्य संतोष त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब मनुष्य को ठाकुर जी से सच्चा प्रेम हो जाता है तो वह उनकी चिंता और परवाह करने लगता है। उन्होंने बताया कि भगवान सत्, चित और आनंद के स्वरूप हैं और समस्त चराचर जगत में चैतन्य रूप से विद्यमान हैं। उन्होंने श्रीमद्भागवत की उत्पत्ति, शिव एवं नारद तक इसके प्रसार तथा राजा परीक्षित के जन्म और कलियुग के आगमन का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा में बताया गया कि भगवान भक्तों को अपने रूप और स्वभाव से आकर्षित करते हैं तथा जीवन को दीनबंधु भगवान के हाथों में सौंप देने से मनुष्य स्वयं को बोझ रहित अनुभव करता है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ और भागवत जी को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में आचार्य ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में 68 छात्रों ने लिया भाग


प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल छात्र। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** सरयू देवी इंटर कॉलेज में प्रतिभा खोज परीक्षा दो दिनों तक आयोजित की गई है जिसमें प्रतापगढ़ संकुल के 68 मेधावी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। गुरुवार तथा शुक्रवार को प्रतापगढ़ मुसाफिरखाना अमेठी सुल्तानपुर जिले के कक्षा पांच के 26 तथा कक्षा 8 के 42 मेधावी छात्रों ने परीक्षा शुरू किया परीक्षा के पहले सभी की संघन जांच की गई कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद पांडे ने बताया सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइन प्रयागराज के प्रधानाचार्य इंद्रजीत त्रिपाठी पर्यवेक्षक के रूप में परीक्षा का की सुचिता बनाए रखने के लिए निरीक्षण किया सभी विद्यार्थी रात निवास कॉलेज में ही किया उसके बाद शुक्रवार को परीक्षा देने के बाद अपने–अपने गंतव्य स्थान को रवाना हुए शिशु मंदिर परसावां के प्रधानाचार्य संजय सोनी ने परीक्षा सम्पन्न कराने में सहयोग किया।

# ग्राम सभा की जमीन पर खनन का लगाया आरोप

**अमेठी, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कटरा रानी मजरा मनीराम पुर में ग्रामसभा की सरकारी भूमि पर अवैध खनन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने एसडीएम आशीष सिंह को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं चंद्र भवन, विजय बहादुर, हरिकेश चौहान, राम किशोर, रामबली, अलगू एवं परमात्मा दीन सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्रामसभा स्थित तालाब और उससे सटी सरकारी भूमि, जहां कई फलदार वृक्ष लगे हुए थे, वहां जेसीबी मशीन और डंपरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर खुदाई कराई गई। आरोप है कि मनीराम पुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि कमल यादव उर्फ गया प्रसाद द्वारा तालाब से हजारों डंपर मिट्टी का अवैध खनन कर उसे बेचा गया। साथ ही खुदाई के दौरान मौके पर लगे फलदार वृक्षों को भी उखाड़ दिया गया, जिससे ग्रामसभा की संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है और पर्यावरण को भी क्षति पहुंची है। शिकायतकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुए दोषी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# मनरेगा बचाओ पदयात्रा में जुटे कांग्रेसजन

सिंहपुर, अमेठी


तिलोई में मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार


**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओ ने शुक्रवार को मनरेगा बचाओ पद यात्रा निकाल वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष अमेठी प्रदीप सिंघल के नेतृत्व मे जुटे कांग्रेसी नेताओ ने अहोरवा भवानी कस्बे के शिव रिसोर्ट से पद यात्रा का शुभारम्भ किया। यात्रा से पूर्व कांग्रेसी नेताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पद यात्रा अहोरवा भवानी से पंहौना, जयनगरा, राजाफत्तेपुर, रस्तामऊ, लोधवरिया, पूरे गोबर मेडिकल कालेज,तिलोई होते हुए तहसील परिसर मोहनगंज पहुंची जहाँ पर पद यात्रा का समापन हुआ। पद यात्रा से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहाकि यह पद यात्रा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और लंबित भुगतान की समस्याओं को उठाने के उद्देश्य से निकाली गई। कांग्रेस नेता कमलेश अग्निहोत्री ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन कई स्थानों पर मजदूरी भुगतान में देरी, काम की कमी और तकनीकी बाधाओं के कारण श्रमिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मनरेगा के बजट में वृद्धि की जाए और समय पर काम उपलब्ध कराया जाए। महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं बताईं और रोजगार की निरंतर उपलब्धता पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र मोहन तिवारी ने कहाकि पद यात्रा का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान परमानन्द मिश्रा, दुर्गेश दीक्षित, अभिषेक, जिलाध्यक्ष मनरेगा बचाओ अभियान रामलखन शुक्ला, राधेश्याम पूर्व विधायक, ममता, गीता सिंह, राजकुमारी, किरण देवी, सबीना, लतीफ अहमद, वकार अहमद, अजाहारुल हक, सुनीता सिंह, सुरेश त्रिवेदी, शैलेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 255 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण


नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**सिंहपुर, अमेठी।** क्षेत्र के जेहटा उसरहा पंचायत भवन में शुक्रवार को मासिक नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इंद्रा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज अमेठी से आये डॉ रमन पटेल ने आये हुए 255 मरीजों का नेत्र परिक्षण जिसमें 129 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया ,साथ ही 52 मरीजों को नजर का चश्मा प्रदान किया गया और 74 मरीजों को नि :शुल्क दवाएं दी गयी ।इस अवसर पर कल्पनाथ यादव,भारती यादव, शिवानी वर्मा, पवन सिँह,अंकिता, रितिका समेत आयोजक गोपी चंद्र बाजपेई,अभिषेक बाजपेई,महादेव गुप्ता,पप्पू यादव,पुनीत मिश्रा,पिंकू तिवारी,आदर्श बाजपेयी,करुणेश अग्निहोत्री,बेचू धोबी,अतुल शुक्ला,कृष्ण नारायण शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**सलोन, रायबरेली।** सलोन कोतवाली के अन्तर्गत सूची चौकी क्षेत्र के जमुरवा खुर्द निवासी दलित युवक अखिलेश (28) पुत्र ओसान ने गुरुवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी सलोन लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक अमित सिंह ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे के करीब युवक को मृत अवस्था ने लाया गया था। युवक के मुंह से सफेद झाग निकल रहा था। ऐसे में उसकी मौत अस्पताल लाने से घण्टो पूर्व हो चुकी थी। सूची चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार ने बताया कि सीएचसी से मिली डेथ मेमो के अनुसार शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि किसी प्रकार की तहरीर परिवार की तरफ से प्राप्त नही हुई है।

# बेहतर शिक्षा व्यवस्था में प्रधानों का अहम रोल

डीह, रायबरेली


बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन।

**अमृत विचार।** ब्लाक के बीआरसी केंद्र में शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों और स्थानीय प्राधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानों के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर परिचर्चा की गई। साथ ही विद्यालयों को कायाकल्प कराने के लिए प्रधानों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि जब तक नींव मजबूत नहीं होगी, तब तक कोई क्षेत्र आगे नहीं बढ़ सकता है।इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि बच्चों को नई दिशा नीति के तहत शिक्षित करने में अहम भूमिका निभाएं। जिला खंड शिक्षा अधिकारी तरूण कुमार ने कहा कि सहकारी बैंक चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह के सहयोग से 34 विद्यालयों में वाटर कूलर और आरओ लगवाए गए, जिससे बच्चों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दयावती, राजकुमार सिंह, विनय सिंह, अखिलेश मिश्रा, मोनू सिंह, जेपी सिंह को सम्मानित किया गया। अमित सिंह चौहान ने ग्राम प्रधानों के साथ जिला सहकारी बैंक चेयरमैन की सराहना की और कहा की ग्राम प्रधान अपने गावों के बच्चों के अभिभावकों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करे।

कार्यक्रम में कमलेश ओझा, अजय मिश्रा, तपस्या पुरवार, गुंजन वर्मा, रंजीत शाह, सुनील मौर्य, सुशील सिंह, धीरेन्द्र पुरवार, अतुल मिश्रा, नागेन्द्र सिंह, कुसुम चंद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा पलटा, 6 घायल


**ऊंचाहार, रायबरेली।** सवारियां लेकर जा रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पलट गया, जिससे ई-रिक्शा में बैठी छह सवारियां घायल हो गईदो की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। यह हादसा राजमार्ग के किनारे स्थित सब्जी मंडी के सामने हुआ है। बताया जाता है कि एक ई-रिक्शा सवारियां भरकर ऊंचाहार से बाबूगंज की ओर जा रहा था। सब्जी मंडी के सामने ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ई-रिक्शा में सवार वेदांत पब्लिक स्कूल की महिला शिक्षक वंदना शुक्ला निवासिनी पयागपुर, लक्ष्य (8) निवासी पयागपुर, लल्लन प्रसाद निवासी सराय हरदो, अनारकली निवासी फूल की बाग, किशोरी अनामिका और अनिरुद्ध कुमार पांडे निवासी गुरुदीन का पुरवा घायल हो गए। ई-रिक्शा अनिरुद्ध कुमार चला रहा था। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद वंदना और लल्लन प्रसाद को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। शेष का उपचार चल रहा है।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के चंदापुर थाना क्षेत्र के जनई गांव के बाहर आम के पेड़ में फंदे से युवक का शव लटकता मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार शाम जनई गांव निवासी उमेश कुमार शुक्ला उर्फ लाल जी (44) पत्नी ललिता से गांव में ही निमंत्रण में जाने को कहकर निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने इधर उधर खोजबीन भी की लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से एक किलोमीटर दूर आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लाल जी के शव को लटकता देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि पृथम दृष्टया तो मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की मनी जयंती


एनएसपीएस त्रिपुला में सरोजिनी नायडू की जयंती पर मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में 'भारत कोकिला' सरोजिनी नायडू की जयंती 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनायी गयी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सरोजिनी नायडू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किया। प्रजापति ने कहा सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी नेता, प्रखर वक्ता, एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री थीं। वे आजाद भारत की प्रथम महिला राज्यपाल बनी और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करती रहीं। इस अवसर पर फैज़ान खान, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, जीएन तिवारी, शशेंद्र श्रीवास्तव, श्वेतांजलि, गिरीश श्रीवास्तव मौजूद रहे।



सपने वो नहीं हैं, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
**-एपीजे अब्दुल कलाम**, पूर्व राष्ट्रपति

## बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

### प्रसंगवश

## मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।



दीपक नौगांई
लेखक


हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

## आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

> बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

### आमने सामने




हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।

**-अभय सिंह चौटाला**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।

**-कृष्ण बेदी**
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



## चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



अजय दयाल
हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

> डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैंकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन– निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

### सोशल फोरम

## बलेसरा काहें बिकाला

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'



दयानंद पांडेय
ब्लॉगर

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# शब्द रंग





आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -
तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -

'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'







शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाई तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -

' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।

'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन ख़रीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।

## पुरस्कार और सम्मान

2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द




प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम



20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।

इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरें' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की श्रृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

# अब सेवा तीर्थ

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।



### सत्ता से सेवा का सफर

- औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।
- नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।
- सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।
- संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### क्या-क्या बदल गया

- एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।
- खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।
- डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

- इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।
- स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।
- सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।
- पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

**भविष्य :** साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

**नई दिल्ली।** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

**काठमांडू।** पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

**हवाना।** अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

● चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।



बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

● नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

**शिलांग।** नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

● विश्वविद्यालय के एक आवासीय परिसर में हुई घटना

**ऑरेंजबर्ग।** अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि गुरुवार की घटना में मारे गए लोगों की पहचान और घायल की हालत की जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नहीं दी है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही रात करीब 9:15 बजे ऑरेंजबर्ग स्थित परिसर में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे लॉकडाउन हटा लिया गया। घटना के कारण शुक्रवार की कक्षाएं रद्द कर दी गईं।

## ईयू के नेताओं ने आर्थिक पुनर्गठन पर सहमति जताई

**बिल्ज़ेन-होसेल्ट।** यूरोपीय संघ के नेताओं ने 27 देशों के इस गुट की अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक पुनर्गठन योजना पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख, चीन की दबावकारी नीतियों और रूस पर हाइब्रिड खतरे पैदा करने के आरोपों के बीच उठाया गया है। गुरुवार को बेल्जियम में हुई बैठक में नेताओं ने एक कार्ययोजना पर सहमति दी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, दबाव और तात्कालिकता की भावना बेहद प्रबल है। बताया कि मार्च में औपचारिक रूप से पेश की जाने वाली योजना में ऊर्जा ग्रिड के उन्नयन, वित्तीय एकीकरण को गहरा करने और विलय नियमों में ढील देने जैसे उपाय शामिल होंगे।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को एक मजबूत भारत जरूरी

● हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अमेरिकी मंत्री ने की टिप्पणी

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाये रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला कैसे करना चाहिए और बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

# एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

● ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।


## फलस्तीन एक्शन पर प्रतिबंध अवैध करार दिया गया

**लंदन।** ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रदर्शनकारी समूह फलस्तीन एक्शन को आतंकवादी संगठन घोषित करने का निर्णय लिया जाना गैरकानूनी था। न्यायाधीश विक्टोरिया शार्प, जोनाथन स्विफ्ट और करेन स्टेन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की अपील पर विचार किए जाने तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। पिछले साल ब्रिटेन सरकार ने फलस्तीन समर्थक समूह को अल-कायदा और हमास जैसे आतंकवादी संगठनों की श्रेणी में डाल दिया और फलस्तीन एक्शन की सदस्यता या समर्थन को अपराध घोषित कर दिया, जिसके लिए 14 साल तक की जेल हो सकती है। उस समय से मैं फलस्तीन एक्शन का समर्थन करने पर 2,000 से अधिक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** - आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** - आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** - आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** - आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** - आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** - आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** - आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतिष्ट हो सकते हैं।

**धनु** - आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** - आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** - आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** - आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



> पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।
>
> –वरुण चक्रवर्ती


स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

लखनऊ, शनिवार, 14 फरवरी 2026


### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड-ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड-इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

## आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह-मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमश: 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

# मैं अब बदला गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।

### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।

### ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

# जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

**टी-20 विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



04 विकेट

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को दिया 197 रनों का लक्ष्य

**चेन्नई।** अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। उन्होंने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग ले चुके मुक्कमल्ला की बल्लेबाजी की खासियत उनके 'ऑफ-साइड' पर लगाए गए शॉट रहे जिसमें कवर्स के ऊपर लगे छक्के शामिल थे। वहीं रंजने ने पारी के अंत में नीदरलैंड के गेंदबाजों की योजना को असफल करते हुए रन जुटाए। पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले रंजने अच्छी फॉर्म में थे।

# अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव



> श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।
>
> -सुनील गावस्कर

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।''''

गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।



कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

# कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

**टी20 विश्व कप**

### पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

# उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

> मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।
>
> -उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।